# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




*आरोपी युवक को हिरासत में लेने के दौरान ही टीम ने लैपटॉप, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस समेत आरोपी की कार को भी जब्त किया*

# मुंबई-न्यूयार्क फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल राजनांदगांव से भेजा गया था, हिरासत में तीन

*सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुंबई से न्यूयार्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने राजनांदगांव में छापा मारा और ई-मेल भेजने वाले व्यापारी के नाबालिग बेटे सहित तीन को हिरासत में ले लिया। इन सभी से पूछताछ भी शुरू कर ली गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नाबालिग ने 14 अक्टूबर दिन सोमवार को मुंबई से उड़ने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी, विमान में 239 पैसेंजर्स सवार थे। एयर इंडिया का विमान दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर उतरा और यहीं सभी पैसेंजर्स को विमान से उतारा गया। इसके बाद विमान को आइसोलेशन में रखकर जांच की गई। ▶▶|शेष पेज 4 पर



विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, न्यूयार्क की उड़ान दिल्ली डायवर्ट

पांच दिनों में दूसरा मामला

## टाइम बम की अफवाह

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स में ट्वीट कर 14 अक्टूबर को इंडिगो कंपनी के विमान क्र 6 ई 1275 (मुंबई से मस्कट) और उड़ान संख्या 6 ई 57 (मुंबई से जेद्दा) में टाइम बम लगाने व एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 119 (मुंबई से न्यूयॉर्क) में 06 किलो आरडीएक्स एवं 06 आतंकवादी होने की बात कहते हुए विमान उड़ाने की धमकी दी थी।

## बम की धमकी, अयोध्या में आपात लैंडिंग

एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद उत्तर प्रदेश के अयोध्या हवाई अड्डे पर उसकी आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। बोइंग 737-मैक्स 8 विमान में 132 यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि विमान जयपुर से आ रहा था। सोशल मीडिया पर एक असत्यापित खाते से मिली धमकी के कारण आपातकालीन स्थिति पैदा हो गई। बयान में बताया, कुछ अन्य संचालकों के साथ एअर इंडिया एक्सप्रेस को एक असत्यापित सोशल मीडिया खाते से धमकी मिली। जवाब में, सरकार ▶▶|शेष पेज 4 पर

## शिकागो जा रहा विमान कनाडा डायवर्ट

इधर, दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। एअरलाइन ने एक बयान में कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान संख्या एआई 127 ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतर गई है। बयान में कहा गया, निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच की जा रही है। एअर इंडिया ने यात्रा फिर से शुरू ▶▶|शेष पेज 4 पर

खिड़की का कांच टूटी थी



## रायपुर के लिए उड़ी फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर दोपहर इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यह फ्लाइट दोपहर 1 बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के महज 12 मिनट बाद ही खिड़की के कांच टूटने के चलते आपात लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार फ्लाइट के एक हिस्से की खिड़की का कांच टूटने से यह आपात स्थिति उत्पन्न हुई। पायलट ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए फ्लाइट को सुरक्षित वापस एयरपोर्ट पर उतारा। यह लैंडिंग 1 बजकर 12 मिनट पर कराई गई। राहत की बात यह है कि फ्लाइट में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। एयरलाइंस की टीम द्वारा तकनीकी खराबी की जांच की जा रही है।

### 70 यात्री थे सवार

बताया जा रहा है कि फ्लाइट में 70 यात्री सवार थे। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद जब 70 यात्रियों में से कुछ को टिकट के पैसे वापस किए गए तो कुछ यात्रियों ने अगले दिन की फ्लाइट के लिए टिकट बुक करा लिया।

## दो राज्यों में विस चुनाव, 15 राज्यों की 48 विस सीटों और वायनाड-नांदेड़ लोकसभा सीटों पर उपचुनाव

*महाराष्ट्र में 20 नवंबर को, झारखंड में 13 और 20 नवंबर को होगा मतदान, 23 को मतगणना*

# महाराष्ट्र-झारखंड में चुनावी बिगुल

# रायपुर दक्षिण में 13 नवंबर को वोटिंग

*महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल बज गया। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को जबकि झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसी के साथ दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। इसके साथ ही आयोग ने छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विस सीट समेत 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शहरी उदासीनता की समस्या को दूर करने के लिए महाराष्ट्र और झारखंड में बुधवार को मतदान का दिवस तय किया गया है।

निर्वाचन आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीट तथा दो लोकसभा क्षेत्रों वायनाड और नांदेड़ के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की।मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्टूबर होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र चार नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं जबकि झारखंड में यह संख्या 2.6 करोड़ है। कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में कुल 1,00186 मतदान केंद्रों पर 20 नवंबर को ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इन राज्यों में उपचुनाव

आयोग ने मंगलवार को जिन 48 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की घोषणा की है, उनमें उत्तर प्रदेश की नौ, राजस्थान की सात, पश्चिम बंगाल की छह, असम की पांच, बिहार की चार, पंजाब की चार, कर्नाटक की तीन, केरल की दो, मध्य प्रदेश की दो, सिक्किम की दो सीटें हैं। छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड और मेघालय की एक-एक सीट शामिल हैं। जिन लोकसभा और विधानसभा सीट के लिये उपचुनाव हो रहे हैं।

### कब- कहां चुनाव

- महाराष्ट्र- 288 सीटें - 20 नवंबर
- झारखंड- 81 सीटें 13 नवंबर 20 नवंबर
- रायपुर दक्षिण विस 1 सीट-13 नवंबर

मतगणना

23 नवंबर

### 39 दिन तक चलेगी चुनाव प्रक्रिया, आचार संहिता लागू




### वायनाड में 13, नांदेड़ में 20 को उपचुनाव

आयोग ने वायनाड और नांदेड़ लोकसभा सीटों के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के लिए 13 नवंबर को उपचुनाव होगा। महाराष्ट्र के नांदेड़ संसदीय क्षेत्र और तथा उत्तराखंड के केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 नवंबर को उपचुनाव कराया जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में वायनाड और रायबरेली सीट से जीत दर्ज की थी। गांधी ने वायनाड सीट खाली कर दी थी और रायबरेली सीट को बरकरार रखा था। इस सीट से राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी की उम्मीदवार होंगी।

### इन दो सीटों पर चुनाव नहीं

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट तथा उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा फिलहाल नहीं की है। कुमार ने इन दोनों सीटों के बारे में पूछे जाने पर कि अदालत में मामला होने के चलते इन जगहों पर उपचुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद हाजी शेख नुरुल इस्लाम के हाल में निधन के कारण बशीर हाट में उपचुनाव होना है। समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश प्रसाद ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया है।

### 18 को अधिसूचना, 25 अक्टूबर तक नामांकन

## रायपुर दक्षिण का रण, 13 को वोटिंग भाजपा-कांग्रेस से कई दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के साथ रायपुर दक्षिण उपचुनाव की तारीखों का भी ऐलान कर दिया गया है। रायपुर दक्षिण की सीट बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। अब रायपुर दक्षिण में उपचुनाव होगा। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान और इसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। चुनावी प्रक्रिया को लेकर स्थानीय प्रशासन ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इस विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उपचुनाव में भाजपा-कांग्रेस सहित अन य राजनीतिक पार्टियों की ओर से उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ऐसा होगा चुनाव कार्यक्रम

- 18 अक्टूबर को नोटिफिकेशन
- 25 अक्टूबर नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख
- 30 अक्टूबर तक लिए जा सकेंगे नाम वापस
- 13 नवम्बर को होगा मतदान
- 23 नवम्बर को होगी मतगणना

### भाजपा का रहा गढ़

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है। यहां से ▶▶|शेष पेज 4 पर

### हरिभूमि की खबर का बड़ा असर

## बदलेगा एनआरआई कोटे का सिस्टम, तब तक मॉपअप अलॉटमेंट स्थगित



प्रदेश निजी मेडिकल कालेज में एनआरआई कोटे की सौ से अधिक सीट, फीस करोड़ों में

मेधावी छात्रों को 449 अंकों पर सीट नहीं एनआरआई कोटे से 137 में एमबीबीएस

पैसे का खेल...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनआरआई कोटे में धांधली की खबर से हड़कंप मचा हुआ है। हरिभूमि की खबर के बाद सरकार ने एनआरआई कोटे को लेकर गंभीर मंथन किया है। प्रारंभिक तौर पर माना गया है कि एनआरआई सर्टिफिकेट में धांधली होती है। उसके लिए नए नियम बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तब तक चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बुधवार को होने वाला मॉपअप राउंड स्थगित कर दिया है। इस राउंट में सीट अलॉटमेंट होना था। इसमें एनआरआई की दस सीटें थीं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम विहारी जायसवाल ने हरिभूमि से कहा-हम महाधिवक्ता से कानूनी राय ले रहे हैं। उसके बाद नए नियम बनाए जाएंगे।

खबर का असर

उल्लेखनीय है कि राज्य के पांच निजी मेडिकल कालेजों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 1.14 करोड़ में बिक रही सीटें

माना, नाना, फूफा जैसे रिश्तेदारों के विदेश में रहने के आधार पर बनाए गए सर्टिफिकेट के माध्यम से प्रदेश के एक निजी मेडिकल कालेज में 1.14 करोड़ शुल्क के आधार पर एडमिशन लिए जाने खबर है। पेमेंट सीट पर करीब 45 लाख रुपए में एमबीबीएस होती है। लेकिन एनआरआई के नाम एक करोड़ रुपए से अधिक वसूले जा रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की धांधली पिछले कई सालों से जारी है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### परामर्श के बाद जल्दी फैसला

*शासन इस मामले को गंभीरता से ले रही है और उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता से परामर्श का इंतजार किया जा रहा है। उनसे मिलने वाली राय के आधार पर शीघ्र ही फैसला लिया जाएगा तब तक मॉपअप राउंड का आवंटन स्थगित किया गया है।*

*श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री*

### पूरी सरकार एक मंच पर ...




# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन के जन्मदिन पर कवियों ने बांधा समां

### प्रख्यात डॉ. कुमार विश्वास, सुरेंद्र दुबे सहित देशभर के कवियों ने किया कविता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर संस्कारधानी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, सुरेंद्र दुबे सहित देश के नामचीन कवियों ने काव्य पाठ किया। युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, आईएनएच एवं हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विशेष रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, आदिम जाति-अनुसूचित जाति-पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन-जल संसाधन-कौशल विकास-सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, खेलकूद एवं युवा ▶▶|शेष पेज 4 पर





### मंत्रियों-शुभचिंतकों ने दी बधाई

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने दिनभर शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। राजनांदगांव निवास में पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप सहित मंत्री, विधायक और सांसदों ने डॉ. सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### एसीबी ने की कार्रवाई

## दस हजार नकद लेते एसीबी के हत्थे चढ़ा नपं सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के सीएमओ रामायण पांडेय को मंगलवार शाम आर्थिक अन्वेषण यानि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दस हजार रुपए नकद लेते हुए गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार एसीबी कार्यालय बिलासपुर में यह शिकायत की गई थी कि नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर रायगढ़ में एमएस भवानी ट्रेडर्स का संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से विभिन्न कंपनी का उत्पाद बेरोजगार लोगों से विक्रय कराया जाता है। उक्त फ्रेंचाइजी को संचालित करने गुमास्ता लाइसेंस प्रदान करने के लिए प्रार्थी ने आवेदन दिया था किंतु लाइसेंस देने के एवज में ▶▶|शेष पेज 4 पर



### एक दशक से हैं सीएमओ

परिवहन विभाग के खत्म होने के बाद नगरीय निकाय में शामिल किए गए रामायण पांडेय करीब एक दशक से किरोड़ीमल नगर नपं के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी हैं। रामायण पांडेय सरिया, घरघोडा, पुसौर, लैलूंगा और धरमजयगढ़ नगर पंचायतों में भी प्रभारी सीएमओ रह चुके हैं।

## साजा विधायक के पुत्र और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू के पुत्र कृष्णा साहू एवं उनके अन्य साथियों के खिलाफ साजा थाने में मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम चेचानमेटा निवासी प्रार्थी मनीष मण्डावी पिता गोविंद मण्डावी की रिपोर्ट पर आरोपी कृष्णा साहू व अन्य के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3) एवं 3(5) बीएनएस अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 की धारा 3(1) द के तहत मामला पंजीबद्ध कर ▶▶|शेष पेज 4 पर



### आगे की कार्रवाई की जाएगी

*इस मामले में प्रार्थी द्वारा एफआईआर लिखाई गई है, जिसके आधार पर गवाहों से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

*- चन्द्रदेव वर्मा प्रभारी, साजा थाना*

### यह है घटनाक्रम

साजा थाना अंतर्गत ग्राम चेचानमेटा में विजयादशमी पर्व के दौरान रात 11 बजे के करीब गांव में विधायक पुत्र कृष्णा साहू एवं उनके साथियों द्वारा अन्य मामले में वाद-विवाद की स्थिति में एक स्थानीय व्यक्ति मनीष मण्डावी द्वारा बीच बचाव करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी को जातिसूचक अपशब्द बोलकर मारपीट की गई। जिसमें पीड़ित व्यक्ति की डॉक्टरी मुलाहिजा एवं पर्व पर खुलेआम जातिगत टीका-टिप्पणी के आधार पर प्रार्थी मनीष ने आरोपी कृष्णा साहू व अन्य के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### आठ दवाइयों की कीमत में 50 फीसदी तक होगा इजाफा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने 8 दवाओं के 11 फॉर्मूलेशन की अधिकतम कीमतों में 50% की वृद्धि को मंजूरी दी है। यह फैसला इन दवाओं के निर्माण की लागत में हुए इजाफे के कारण लिया गया है। हालांकि, दवा निर्माताओं की ओर से इसमें संशोधन की मांग की गई थी, लेकिन एपीआई ने उसको स्वीकार नहीं किया है। एपीआई ने कहा है कि इन दवाओं की इस कदम को उठाने का मकसद लोगों के लिए इन दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

दवाओं के फॉर्मूलेशन की कीमतों को बढ़ाने का यह फैसला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के साथ बैठक के बाद लिया था।

## बस्तर गए सीएम, हेलीकाप्टर खराब, स्टेट प्लेन में भी तकनीकी खामी, झारखंड से मंगाया गया चॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### राज्य को नए विमान-हेलीकाप्टर की दरकार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बस्तर के दौर पर थे। निजी कंपनी के हेलीकाप्टर से से जगदलपुर पहुंचे। वहां कार्यक्रमों में शिरकत की। वापसी में हेलीकाप्टर में खराबी आ गई। तकनीकी खामी की वजह से हेलीकाप्टर उड़ान नहीं भर सका। उसके बाद एक और हेलीकाप्टर को बुलाया गया, लेकिन वह जगलपुर के लिए उड़ान भरता उसमें भी तकनीकी दिक्कत बताई गई। उसके बाद कंपनी ने झारखंड से हेलीकाप्टर मंगाया। उसके बाद मुख्यमंत्री जगदलपुर से रायपुर के लिए रवाना हो सके। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासनका राजकीय विमान पहले ही तकनीकी खराबी के चलते उड़ान नहीं भर पा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के पास एक विमान B-200 और एक हेलिकॉप्टर अगुस्ता A-109 है। छत्तीसगढ़ राज्य में राजकीय विमान पहले से ही खराब चल रहा है, इसके कारण उड़ान नहीं भर रहा है। राज्य में हेलीकाप्टर को उपयोग दौरे के दौरान मुख्यमंत्री करते रहे हैं, लेकिन उसमें भी खराबी आने के कारण अब निजी हेलीकाप्टर का सहारा लेना पड़ रहा है। दोनों का उपयोग सरकारी दौरो में किया जाता रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को जिस निजी कंपनी के हेलीकाप्टर से गए थे। वह विमान तकनीकी खराबी के कारण उड़ान नहीं भर पाया।

- **बस्तर में मुरिया दरबार में शामिल होने गए थे**

### तकनीकी खराबी

बस्तर कलेक्टर हरीश एस ने हरिभूमि से कहा कि मुख्यमंत्री जिस हेलीकाप्टर से आए थे उसमें तकनीकी खराबी आई गई थी। उसके बाद दूसरे हेलीकाप्टर की व्यवस्था संबंधित कंपनी ने की। उसके बाद वे रायपुर के लिए रवाना हुए।

### मुख्यमंत्री को जाना था राजनांदगांव

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह का जन्मदिन था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना होना था। हेलीकाप्टर की खराबी के कारण उनके तय कार्यक्रम में मामूली विलंब हुआ। दूसरा हेलीकाप्टर आने के बाद मुख्यमंत्री 17.42 बजे हेलीकाप्टर से माना विमानतल वापस आए। रायपुर से राजनांदगांव के लिए रवाना हुए।

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव समेत देशभर के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने नतीजों से एक दिन पहले आने वाले एग्जिट पोल पर भी बात की और इसे 'नॉनसेंस' तक कह दिया।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक्जिट पोल को बताया 'नॉनसेंस'

# मीडिया फर्जी ट्रेंड दिखाता है, पहली काउंटिंग ही शुरू होती है 8.30 बजे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मुख्य चुनाव आयुक्त ने मीडिया का जिक्र करते हुए कहा कि मीडिया और खासतौर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को इस पर ध्यान देना चाहिए की जब काउंटिंग की समय शुरू होता है वह 8 बजकर पांच मिनट से, दस मिनट से रिजल्ट दिखाना शुरू कर देते हैं, यह नॉनसेंस है। उन्होंने कहा कि आधिकारिक तौर पर पहली काउंटिंग साढ़े आठ बजे शुरू होती है, लेकिन 8.05, 8.15 पर आने लगता है कि इतने की लीड, इतने की लीड, इतने की लीड, जबकि हम शुरुआती परिणाम को साढ़े नौ बजे बेवसाइट पर डालते हैं। यहीं से समस्या शुरू हो जाती है। यह ऐसा मुद्दा है जिस पर कुछ विचार-विमर्श की आवश्यकता है। दरअसल हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कांग्रेस समेत सोशल मीडिया पर काफी सवाल उठाए गए थे। शुरुआती नतीजों में कांग्रेस काफी आगे थी जबकि बीजेपी पिछड़ रही थी, चुनाव आयोग का डेटा देरी से जारी हो रहा था, जिसपर कांग्रेस नेताओं ने सवाल खड़े किए थे कि डेटा क्यों सामने नहीं आ रहा है।

### एग्जिट पोल से बहुत गड़बड़ी हो रही

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि एग्जिट पोल और उससे जुड़ी अपेक्षाओं के कारण बहुत बड़ी गड़बड़ी पैदा हो रही है।



उन्होंने कहा कि यह प्रेस के लिए, खास तौर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए विचार-विमर्श और आत्मनिरीक्षण का विषय है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, "पिछले कुछ चुनावों में अगर हम पूरे कैनवास को एक साथ देखें तो 2-3 चीजें एक साथ हो रही हैं। सबसे पहले एग्जिट पोल आता है, जिसे हम नियंत्रित नहीं करते हैं, लेकिन इतना कहूंगा कि आत्मनिरीक्षण की जरूरत है कि सैंपल साइज क्या था, सर्वे कहां हुआ इन सब पर गौर करने की जरूरत है।"

### ईवीएम पर हर बार कुछ नया आता है, हरियाणा चुनाव की हर शिकायत का लिखित जवाब देंगे

हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर कांग्रेस की ओर से ईवीएम पर लगाए गए आरोपों का चुनाव आयोग ने खंडन किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हर बार चुनाव के बाद ईवीएम को लेकर नए-नए आरोप सामने आते हैं। इस बार भी बैटरी को लेकर आरोप लगाया गया। अगली बार कुछ और आएगा। चुनाव आयुक्त बोले कि कभी कहा जाता है ईवीएम हैक हो जाती है, तो कभी कहा जाता है कि यह पेजर की तरह ब्लास्ट हो सकती है। जबकि हम हर बार आरोपों का खंडन करते हैं। इस दौरान उन्होंने ईवीएम और उसकी बैटरी को लेकर पूरी जानकारी साझा की। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हमें हरियाणा की 20 विधानसभाओं को लेकर शिकायत मिली है। हर हर शिकायत का जवाब देंगे। इसके जवाब तैयार किए जा रहे हैं। हर बिंदु के साथ पूरा जवाब दिया जाएगा। इसको चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी प्रकाशित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सांसद इंजीनियर राशिद की फिर बढ़ी अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने मंगलवार को आतंकी फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर के सांसद शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद की अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राशिद के पिता की स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर यह आदेश पारित किया। इससे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा था कि उसने दस्तावेजों का सत्यापन कर लिया है और वह आवेदन का विरोध नहीं कर रही है।

### अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** अमेरिका और भारत के बीच मंगलवार को 32 हजार करोड़ की डिफेंस डील फाइनल हो गई है। इसके तहत भारत 31 प्रीडेटर (एमक्यू-9बी हंटर किलर) ड्रोन अमेरिका से खरीदेगा। ये अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का ही एक वैरिएंट है। ये ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। इसके मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के लिए देश में ही फैसिलिटी बनाई जाएगी।

### ऑनलाइन ठगी के खिलाफ जागरुक करेंगे आयुष्मान



**नई दिल्ली।** तकनीक में उन्नति के साथ-साथ कई तरह के ठगी की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए मेटा ने एक नया सुरक्षा अभियान ठगी से बचाओ अभियान शुरु किया है। इसके तहत लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने और सुरक्षित डिजिटल उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर लोगों को शिक्षित किया जाएगा।

### सिंगापुर की दो भारतवंशी महिलाओं का सम्मान

**सिंगापुर।** अपने-अपने क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाली भारतीय मूल की दो महिलाओं को सिंगापुर में स्थानीय फैशन और स्टाइल पत्रिका "हर वर्ल्ड" द्वारा सम्मानित किया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 72 वर्षीय न्यायमूर्ति जूडिथ प्रकाश को सोमवार को पत्रिका के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कानूनी क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य के लिए 'हर वर्ल्ड वूमन ऑफ द ईयर 2024' घोषित किया गया। राष्ट्रीय धावक शांति परेरा (28 वर्ष) को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए 'वर्ल्ड यंग वूमन अचीवर 2024' पुरस्कार मिला।

## पड़ोसी देश कर रहा है दो दिवसीय एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी

# गर्मजोशी से पाक पीएम ने मिलाया हाथ, जयशंकर से पूछा हालचाल

### डिनर पार्टी से पहले हुई दोनों नेताओं की मुलाकात

*विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को यहां एक दूसरे का अभिवादन किया। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए आज इस्लामाबाद पहुंचे। शरीफ ने एससीओ के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के सम्मान में अपने आवास पर रात्रिभोज दिया था और इसी दौरान उन्होंने और जयशंकर ने एक दूसरे का अभिवादन किया। जयशंकर और शरीफ ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया और बहुत ही संक्षिप्त बातचीत की।*

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने एससीओ के सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के नेताओं का अभिवादन किया। जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं। विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं।'' जयशंकर ने हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं।



### स्वराज ने की थी 2015 में यात्रा

इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर 'हार्ट ऑफ एशिया' सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर आयी थीं। उस समय जयशंकर भारत के विदेश सचिव के नाते सुषमा स्वराज के शिष्टमंडल का हिस्सा थे। सुषमा स्वराज ने उस यात्रा में तत्कालीन पाक विदेश मंत्री सरताज अजीज से बातचीत की थी।

### नहीं होगी द्विपक्षीय बातचीत

वरिष्ठ मंत्री को भेजने के फैसले को भारत की एससीओ के प्रति प्रतिबद्धता के प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि दोनों पक्ष पहले ही एससीओ शासनाध्यक्ष शिखर सम्मेलन से इतर जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इसहाक डार के बीच किसी भी द्विपक्षीय बातचीत से इनकार कर चुके हैं।

### हम एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं : भारत

इस्लामाबाद। गौरतलब है, भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाकिस्तान पहुंचने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को कहा कि वह इस प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह के विभिन्न तंत्रों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव के बीच करीब एक दशक में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पड़ोसी देश की यह पहली यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'एससीओ सीएचजी बैठक हर वर्ष आयोजित की जाती है और इसमें संगठन के व्यापार एवं आर्थिक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।' उसने नयी दिल्ली में एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'विदेश मंत्री एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ रूपरेखा के भीतर विभिन्न तंत्रों और पहल समेत एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।' पाकिस्तान की यात्रा करने वाली भारत की आखिरी विदेश मंत्री सुषमा स्वराज थीं। उन्होंने अफगानिस्तान पर एक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दिसंबर 2015 में इस्लामाबाद की यात्रा की थी। जयशंकर की पाकिस्तान की यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इसे भारत की ओर से एक अहम निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।

## सर्वोच्च न्यायालय ने दाखिल याचिका पर मांगा जवाब

# चुनावों में मुफ्त की रेवड़ी, केंद्र चुनाव आयोग को सुप्रीम नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा फ्रीबीज देने के वादे को रिश्वत घोषित करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने बेंगलुरू बेस्ड शख्स शशांक जे श्रीधारा ने याचिका दायर कर मुफ्त सौगात पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने तथा मुफ्त उपहार के चलन को रोकने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सुनवाई के दौरान केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

### इन राज्यों में मिला 'फ्रीबीज' का फायदा

2023 में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में मिली हार से सबक लेते हुए बीजेपी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में फ्रीबीज के वादे किए और विधानसभा चुनाव में बीजेपी को फायदा मिला भी. लिहाजा बीजेपी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में सरकार बनाई।

### बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में नहीं किया था वादा

लोकसभा चुनाव के साथ हुए ओडिशा विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी ने इसी तरह के कई फ्रीबीज वादे किए और वहां उसे पहली बार सरकार बनाने का मौका मिला। दिलचस्प बात ये है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का कोई लोकलुभावन वादा नहीं किया, जबकि कांग्रेस ने महिलाओं को साल में एक लाख रुपए देने का वादा किया था।

### अब महाराष्ट्र और झारखंड पर नजर

महाराष्ट्र और झारखंड में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी के समर्थन से चल रही शिंदे सरकार पहले ही लाडकी बहिण योजना चला रही है, जिसमें महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए दिए जा रहे हैं। झारखंड में भी बीजेपी ने गोगो दीदी योजना के तहत सत्ता में आने पर महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया है।

# नया अध्यक्ष चुनने को भाजपा ने बढ़ाया कदम, संगठन चुनाव अधिकारी नियुक्त

### सांसद के लक्ष्मण को कमान, नरेश बंसल, रेखा वर्मा और संबित पात्रा राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने मंगलवार को पार्टी संगठन के चुनाव हेतु अपनी प्रक्रिया तेज कर दी है। जेपी नड्डा का अध्यक्ष पद पर कार्यकाल पूरा हो चुका है। पार्टी का नया अध्यक्ष चुना जाना है। इसी कवायद को पूरा करने के लिए भाजपा ने संगठन के चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारियों की घोषणा कर दी है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के फैसले के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सांसद डॉक्टर के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी की नियुक्त किया है। उनके साथ नरेश बंसल, रेखा वर्मा और संबित पात्रा राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी होंगे। बता दें, भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का चुनाव कराने जा रही है। इसी के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया की शुरुआत होगी। बूथ, मंडल, जिला और प्रदेश स्तर तक अध्यक्ष की चुनाव की तिथियां क्रमशः घोषित होंगी। फिर जिला के अध्यक्ष और राज्य परिषद का चुनाव होगा।

### जनवरी में ही खत्म हो चुका है नड्डा का कार्यकाल

वर्तमान में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पहले ही पूरा हो गया है। वह मोदी सरकार में मंत्री भी हैं। भाजपा हमेशा एक व्यक्ति एक पद का अनुसरण करती है। ऐसे में संगठन का चुनाव करना उसके लिए जरूरी हो गया है। बता दें, नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। भाजपा संसदीय बोर्ड ने अगले अध्यक्ष का चुनाव होने तक नड्डा को सेवा विस्तार दिया हुआ है। सूत्रों की मानें तो पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्षों के चुनाव एक दिसंबर से चालू होंगे, ऐसे 50 प्रतिशत राज्यों में चुनाव संपन्न के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुने जाने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## तमिलनाडु में भारी बारिश... जनजीवन प्रभावित



चेन्नई। चेन्नई के पट्टालम में मंगलवार को बारिश के बीच जलभराव वाले इलाके में यात्रा करने के लिए लोग अस्थायी नाव का इस्तेमाल करते हुए। गौरतलब है, तमिलनाडु में भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। उड़ानें रद्द हैं, स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

### अज़ीमा होंगी भारत में मालदीव की नई उच्चायुक्त

**माले।** वरिष्ठ राजनयिक एशत अज़ीमा भारत में मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब की जगह लेंगी। मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। समाचार पोर्टल 'सन.एमवी' ने कहा कि भारत में नए राजदूत की नियुक्ति का कदम ऐसे समय उठाया गया है जब यह द्वीपीय देश भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारना और मजबूत करना चाहता है।

इस खबर में भारत को मालदीव के "सबसे करीबी द्विपक्षीय साझेदारों" में से एक बताया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की इस महीने की शुरूआत में भारत की पहली राजकीय यात्रा के कुछ दिनों बाद हुआ है। मुइज्जू ने सोमवार को संसद की विदेश संबंध समिति को एक पत्र भेजकर अज़ीमा की नियुक्ति के लिए संसदीय मंजूरी मांगी।

## आंध्र प्रदेश में नई मिसाइल टेस्टिंग रेंज होगी स्थापित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक तरफ भारत नई-नई मारक क्षमता वाली मिसाइलें विकसित करके एयरोस्पेस की दुनिया में अपना दबदबा कायम कर रहा है तो दूसरी तरफ भारतीय सेना भी लगातार अपने फायरिंग रेंज की संख्या बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। सुरक्षा मामलों की केंद्रीय



कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने आंध्र प्रदेश में एक नई मिसाइल परीक्षण रेंज स्थापित करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अलावा सेना ने माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना करने की प्रक्रिया शुरू की है।

### कई मिसाइलों का होगा परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन रक्षा बलों के लिए बड़ी संख्या में हथियार प्रणालियों को विकसित करने के उन्नत चरण में है, जिसमें बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, मानव पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और सामरिक डोमेन में कई अन्य प्रणालियां शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने मुरिया दरबार में विकास के जरिए शांति लाने की बात कही

# बस्तर में शांति के लिए भटके युवा मुख्यधारा में लौटें : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दशहरा पर्व आस्था का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है, जो मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद से बस्तर वासियों की अगाध श्रद्धा और सभी लोगों के सहयोग के साथ इस वर्ष भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को सिरहासार भवन में मुरिया दरबार को संबोधित करते यह बात कही। उन्होंने माडिया सराय में विकास कार्य के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की। वहीं मांझी-चालकी और मेम्बर-मेंबरीन के मानदेय में बढ़ोतरी के लिए प्रशासन और बस्तर दशहरा समिति को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि आज बस्तर के पांच जिले संवेदनशील हैं, मैं चाहूंगा कि इन जिलों के भटके हुए युवाओं को मां दंतेश्वरी सद्बुद्धि व ज्ञान दें, ताकि वे गोली बारी की भाषा छोड़कर विकास के मुख्यधारा से जुड़ें। सरकार उनका भी विकास करना चाहती है। इसलिए विकास के लिए हमारी सरकार नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। इसमें पांच जिले के 96 गांव शामिल है। इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान किया गया है। सीएम ने कहा कि पीएम के मार्गदर्शन व दंतेश्वरी माई के आशीर्वाद से हम छग का समुचित विकास करना चाहते है।

■ मुरिया दरबार में आई मांगों और समस्याओं का होगा समाधान





### मांझी चालकी व दशहरा समिति की समस्याओं का होगा निराकरण

सीएम ने कहा कि मुरिया दरबार में मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन और बस्तर दशहरा समिति के पदाधिकारियों द्वारा अवगत करवाए गए मांग एवं समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने मुरिया दरबार में बस्तर विकास प्राधिकरण के पुरखती कागजात का अंग्रेजी संस्करण का विमोचन किया।

### महाराजा, मंत्री व विधायक ने दिया संबोधन

मुरिया दरबार में माटी पुजारी कमलचन्द्र भंजदेव ने बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए इसे सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण रेखांकित किया। उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने के लिए आने वाले देवी-देवताओं के लिए देव सराय की व्यवस्था तथा मांझी-चालकी, पुजारी, गायता सहित ग्रामीणों के ठहरने के लिए बेहतर सुविधाओं की बेहतर सुलभता के लिए राज्य सरकार के पहल को सराहनीय निरूपित किया। वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद व अध्यक्ष बस्तर दशहरा समिति महेश कश्यप व विधायक जगदलपुर किरणदेव ने बस्तरवासियों को बस्तर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- कल दोपहर 4.55 तक रहेगी पूर्णिमा तिथि, स्नान-दान 17 अक्टूबर को
- सुबह 6 बजकर 23 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 18 मिनट तक रहेगा रवि योग




# रात्रि 8 बजकर 40 मिनट पर शुरू होगी पूर्णिमा

## ध्रुव व रवि योग संग चंद्रमा-मंगल मिलकर बनाएंगे केंद्र योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शरद पूर्णिमा आज मनाई जाएगी। वैदिक पंचांग के अनुसार, 16 अक्टूबर को रात 8 बजकर 40 मिनट पर आश्विन पूर्णिमा की शुरुआत होगी और 17 अक्टूबर को संध्याकाल 4 बजकर 55 मिनट पर आश्विन पूर्णिमा की समाप्ति होगी। इसके बाद कार्तिक माह के प्रतिपदा तिथि की शुरुआत होगी। अतः 17 अक्टूबर को आश्विन पूर्णिमा का दान-पुण्य ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सर्वार्थ सिद्धि और शश राजयोग भी साथ ही

इस वर्ष शरद पूर्णिमा पर रवि योग का शुभ संयोग होगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में रवि योग को बहुत ही शुभ योग माना जाता है। यह रवि योग सुबह 6 बजकर 23 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा शरद पूर्णिमा पर इस बार ग्रहों का बहुत ही ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पंडित कहते हैं- राशि के अनुसार करें दान

- मेष राशि के जातक शरद पूर्णिमा के दिन दिन गुड़ और गेहूं का दान करें।
- वृषभ राशि के जातक आश्विन पूर्णिमा के दिन चावल और चीनी का दान करें।
- मिथुन राशि के जातक शरद पूर्णिमा के दिन साबुत मूंग और हरी सब्जियों का दान करें।
- कर्क राशि के जातक आश्विन पूर्णिमा के दिन दूध और दही का दान करें।
- सिंह राशि के जातक शरद पूर्णिमा के दिन मूंगफली और शहद का दान करें।
- कन्या राशि के जातक आश्विन पूर्णिमा के दिन मकई और गन्ने का का दान करें।
- तुला राशि के जातक शरद पूर्णिमा के दिन सफेद रंग के वस्त्र का दान करें।
- वृश्चिक राशि के जातक आश्विन पूर्णिमा के दिन लाल रंग के वस्त्र का दान करें।
- धनु राशि के जातक शरद पूर्णिमा के दिन पीले रंग के वस्त्र का दान करें।
- मकर राशि के जातक आश्विन पूर्णिमा के दिन चमड़े के जूते-चप्पल का दान करें।
- कुंभ राशि के जातक शरद पूर्णिमा के दिन नीले रंग के वस्त्र और काले तिल का दान करें।
- मीन राशि के जातक आश्विन पूर्णिमा के दिन पके केले और पपीते का दान करें।

## खबर संक्षेप

### शैक्षणिक संस्थान का निदेशक रिश्वत लेते गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक जाने माने शैक्षणिक संस्थान के निदेशक को एक कर्मचारी से उसकी वार्षिक वेतन वृद्धि बहाल करने के एवज में कथित तौर पर 1.10 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। व्यक्ति की वेतन वृद्धि दो साल से रुकी हुई थी।

### नाचते समय एक व्यक्ति की गिरकर मौत



**बलिया।** बलिया में देवी दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे पर नाचते समय असंतुलित होकर गिर जाने के कारण 20 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। ऐसा प्रतीत होता है कि संभवतः युवक की मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई। यह घटना सोमवार रात उभांव क्षेत्र के उभांव मोड़ के पास हुई।

### झारखंड की बस में सवार होकर आ रहा था अंबिकापुर की ओर

# दोहरे हत्याकांड का आरोपी कुलदीप पकड़ा गया, बलरामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/सूरजपुर

*प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की निर्मम हत्या, आरक्षक पर गर्म तेल डालकर जलाने व पुलिस पर कार चढ़ाने के मामले में फरार आरोपी कुलदीप साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बलरामपुर पुलिस ने कोतवाली थाने के सामने ही घेराबन्दी कर पकड़ा है। आरोपी झारखंड की ओर से आ रही बस में सवार था ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी वारदात के बाद झारखंड भागने में सफल हो गया था।*

बलरामपुर पुलिस ने आरोपी को सूरजपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। इस मामले की पुष्टि एसपी बलरामपुर-रामानुजगंज ने की है। दूसरी ओर प्रधान आरक्षक की मृत पत्नी व बेटी का मंगलवार को मनेंद्रगढ़ में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बता दें कि सूरजपुर पुराना बाजार पारा निवासी कुलदीप साहू आ. अशोक साहू ने शनिवार की शाम आरक्षक घनश्याम सोनवानी पर ठेले पर रखा गर्म तेल डालकर जला दिया था जबकि थाने के बाहर खड़े प्रधान आरक्षक तालिब शेख व अन्य पुलिसकर्मियों को आरोपी ने कार से ▶▶|शेष पेज 4 पर

- **बलरामपुर पुलिस ने सूरजपुर पुलिस के सुपुर्द किया**

हरिभूमि फॉलोअप

### सुरक्षित ठिकाने की ओर भाग रहा था आरोपी

पुलिस ने आरोपी को झारखंड की ओर से आने वाली बस से पकड़ा है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि आरोपी झारखंड की ओर भाग निकला था लेकिन वह फिर ▶▶|शेष पेज 4 पर






### की जाएगी पूछताछ

आरोपी पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जाएगी। पूछताछ के बाद जो भी जानकारी सामने आएगी, उससे अवगत कराया जाएगा।

\- **एमआर अहिरे,** एसपी, सूरजपुर

### किया गया सुपुर्द

सूचना पर पुलिस टीम आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। आरोपी को बस से पकड़ा गया है। हमने आरोपी को सूरजपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। आगे की कार्रवाई सूरजपुर पुलिस करेगी।

\- **वैभव बैंकर,** एसपी, बलरामपुर-रामानुजगंज

### भागते समय की थी पुलिस पर फायरिंग

बताया जा रहा है कि जब आरोपी ने कोतवाली थाने के सामने प्रधान आरक्षक व अन्य पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ाने का प्रयास किया तो उसके बाद पुलिस टीम आरोपी का पीछा कर रही थी। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की थी। पुलिस ने भी इसका जवाब देते हुए फायरिंग की थी। बाद में आरोपी अपनी कार को छोड़कर जंगल के रास्ते भागा था। सोमवार को जब पुलिस ने आरोपी की कार बरामद की तो उसमें भी गोली लगने के निशान मिले थे। हालांकि बलरामपुर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा तो उसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जाएगी जिसके बाद पूरी जानकारी सामने आएगी।

# 55 एकड़ सरकारी जमीन का पंजीयन, तीन साल से बेच रहे थे धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

तखतपुर ब्लाक के ग्राम पोंड़ी की 55 एकड़ सरकारी जमीन को तीन निजी लोगों के नाम पर चढ़ा दिए जाने के मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। एक नए मामले में जानकारी मिली है कि पिछले तीन सालों से इसका धान पंजीयन कराते हुए दूसरे जिलों के किसान बेच भी रहे थे। एसडीएम तखतपुर ज्योति पटेल ने मामले में सहकारी बैंक से इसकी जानकारी लेने की बात कही है। इसके साथ ही भाटापारा आईडीएफसी बैंक से लोन की पूरी ▶▶|शेष पेज 4 पर

- **प्रशासन ने आईडीएफसी बैंक से मांगी लोन की जानकारी**

### शिवरीनारायण के युवक के नाम पर लोन

हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की तो पाया कि शिवरीनारायण करनोद गांव के निवासी ने तखतपुर ,गनियारी तहसील के ग्राम पोड़ी की सरकारी जमीनों को ऑनलाइन बी वन में अपना नाम चढ़वा कर बड़ा खेला कर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कलेक्टर को सौंप दी जाएगी रिपोर्ट

जांच जारी है। दो-तीन दिन में रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी जाएगी। भाटापारा आईडीएफसी बैंक से लोन की पूरी जानकारी मांगी गई है। इसमें लोन के लिए किसने आवेदन किया, कब किया, स्थल निरीक्षण रिपोर्ट के साथ ही लोन किस मद से दिया गया है, इसकी जानकारी मांगी गई है। एनआईसी को भी पत्र लिखते हुए आनलाइन रिकार्ड चढ़ाए जाने और बाद में डिलिट किए जाने के बारे में रिपोर्ट मांगी गई है।

\- **ज्योति पटेल,** एसडीएम, तखतपुर



## चिंतन

# भारत से संबंध बिगाड़ना कनाडा को ही पड़ेगा भारी

पहले से ही खराब चल रहे भारत और कनाडा के संबंध और तल्ख हो गए हैं, जब कनाडा की ओर से अनर्गल बयानबाजी शुरू हुई, जिसमें भारत पर कई नए आरोप मढ़े गए। बात इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने छह-छह राजनयिक एक-दूसरे के निकाल दिए। कनिष्क विमान अपहरण की घटना के बाद से कनाडा व भारत के रिश्ते अभी सबसे बुरे दौर में हैं। अतीत में दोनों मुल्कों के मधुर संबंध रहे हैं, लेकिन कनाडा की राजनीति में भारतीयों के प्रबल होते जाने के साथ ही दोनों देशों के संबंध में खटास बढ़ने लगी है। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने अपने भारतीय मतदाताओं को खुश रखने के लिए निज्जर मामले में भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए, जिससे दोनों मुल्क के मधुर संबंध बिगड़े। सोमवार को राजनयिक निकाले जाने की घटना के अगले दिन मंगलवार को भारत ने कनाडा द्वारा अपने देश में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के आरोपों को खारिज कर दिया। कनाडा ने दावा किया कि उसने भारत से निज्जर हत्याकांड मामले के सबूत साझा किए, भारत ने कहा कि सबूत नहीं दिए। जस्टिन ट्रूडो ने ताजा आरोप लगाया है कि भारत उनके देश में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाकर गुप्त अभियान चलाने सहित विभिन्न गतिविधियों में शामिल है, भारत सरकार ने इसे भी खारिज कर दिया है। दरअसल, भारत और कनाडा के संबंध उस समय और खराब हो गए जब भारत ने सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से राजदूत को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाने की घोषणा की। सही मायने में बिगड़ते संबंध का कनाडा पर अधिक असर पड़ेगा। मुख्य रूप से छात्रों के आव्रजन, आपसी व्यापार संबंधों और कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अभी दो दिन पहले खबर आई कि कनाडाई पीएम को अपने ही सांसदों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें उनकी कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। उसके बाद से ट्रूडो भारत पर आरोपों की झड़ी लेकर सामने आए हैं। उनके तमाम पैतरे बेकार साबित हो रहे हैं, उल्टे वे कनाडा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। संबंध खराब होने से भारतीय छात्रों की संख्या कनाडा में कम होगी, तो इससे राजस्व में कमी आएगी। स्किल जॉब सेक्टर में भी भारतीय छात्रों की कमी का बुरा असर पड़ेगा। सांस्कृतिक आदान प्रदान, जनसांख्यिकीय चुनौतियों का समाधान व अनुसंधान सहयोग में भी कमी आएगी। प्रस्तावित कनाडा-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर भी असर पड़ सकता है। तनाव के चलते अभी वार्ता रोक दी गई हैं। भारत ने कनाडा से दालों का आयात कम कर दिया है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था कनाडा को बेहतर व्यापार अवसर देता है, पर अब कनाडा वंचित होगा। अमेरिका ने भारत को इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) में इजरायल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ गठित आई2यू2 ब्लॉक के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल किया। कनाडा को क्वाड, इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) और आई2यू2 ब्लॉक में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। भारत के साथ कनाडा के तनावपूर्ण संबंध प्रमुख इंडो-पैसिफिक संस्थानों में शामिल होने की उसकी क्षमता को बाधित कर रहे हैं। कनाडा भारत में वांछित आतंकियों को पनाह देकर अपना सहित विश्व का नुकसान ही करेगा। दोनों देशों को संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

## मुद्दा



डॉ. अशोक कुमार वर्मा

# युवा पीढ़ी में बढ़ती जा रही धूम्रपान की प्रवृत्ति

आधुनिकता के युग में मनुष्य भौतिकतावाद में उलझकर रह गया है। दूसरी ओर ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनके पास करने को कोई काम नहीं है अथवा यह कह लें कि वे कुछ करना ही नहीं चाहते। कुछ लोग तनाव दूर करने के लिए, कुछ आनंद के लिए और कुछ मौज-मस्ती के लिए नशे का सेवन करते हैं। यहां पर यह चर्चा करना आवश्यक है कि धूम्रपान की प्रवृत्ति आज युवाओं में बढ़ती जा रही है। यहां तक कि महिलाओं द्वारा भी धूम्रपान करना सामान्य बात हो गई है। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर प्रतिबंध होने के बाद भी लोग इस नियम की अवहेलना कर रहे हैं। भारत में गणतंत्र के 54वें वर्ष में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 सम्पूर्ण भारत पर लागू किया गया। इस अधिनियम के अनुसार धारा 4 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान नहीं करेगा परन्तु किसी ऐसे होटल में जिसमें 30 कमरे हों अथवा जहां 30 से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता हो तो वहां धूम्रपान की अलग से व्यवस्था की जाएगी।

इसी कड़ी में धारा 5 के अंतर्गत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। धारा 6 के अनुसार किसी भी 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को सिगरेट और तम्बाकू आदि नहीं दिया जाएगा और न ही किसी शिक्षण संस्थान की 100 मीटर की परिधि में इन उत्पादों का विक्रय होगा। धारा 7 के अनुसार सिगरेट और तंबाकू पर चेतावनी का लेबल आवश्यक है और यह भी सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए। इस अधिनियम के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक या उससे ऊपर का अधिकारी ऐसे स्थान में प्रवेश कर सकता है और तलाशी ले सकता है जहां यह विक्रय करना प्रतिबंधित है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमावली, 2008 लागू की गई है जो 2 अक्टूबर 2008 से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने से रोकती है। यह नियमावली स्पष्ट रूप से धारा 3 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान के मालिक, प्रबंधक को बाध्य करती है कि कोई भी व्यक्ति उसके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान न करे। सार्वजनिक स्थान के प्रवेश द्वार पर यदि एक से ज्यादा प्रवेश द्वारा हैं तो प्रत्येक प्रवेश द्वार और उनके अंदर न्यूनतम 60 सेंटीमीटर x 30 सेंटीमीटर आकार का सफ़ेद पृष्टभूमि का बोर्ड लगाएगा जिस पर 'गैर-धूम्रपान क्षेत्र' व 'धूम्रपान अपराध है' लिखा होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष तंबाकू के कारण 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इतना ही नहीं, 13 लाख ऐसे लोग हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते लेकिन उनके पास रहते हैं जो सेवन कर रहे होते हैं। यदि हम भारत की बात करते हैं तो देश में प्रतिवर्ष लगभग 17 लाख लोग तंबाकू के कारण अपने प्राण गंवाते हैं। एक लेख के अनुसार प्रतिदिन तम्बाकू के कारण भारत में 3699 मृत्यु हो रही हैं तो दूसरी और प्रत्येक 4 सेकंड में एक बालक की मृत्यु केवल ऐसे लोगों के संपर्क में होने के कारण होती है जो उनके पास रहकर धूम्रपान करते हैं। अब प्रश्न उठता है कि भारत में एक ओर तम्बाकू रोजगार प्रदान करता है तो दूसरी ओर मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए क्षतिकारक है। तम्बाकू के सेवन से हाई ब्लड प्रेशर, लकवा, श्वास रोग, दमा, कैंसर जैसी भयानक व्याधियां हो रही हैं। लोगों ने इसे आजीविका का साधन बना लिया है। चिंता का विषय यह है कि आज 100/200 मीटर पर कोई खाद्य सामग्री मिले या न मिले तम्बाकू उत्पाद अवश्य दिखाई दे जाते हैं। रंग-बिरंगे पाउच में विभिन्न प्रकार के पान मसाले और तम्बाकू लटके मिलते हैं। यदि हम चाहते हैं कि हमारी आने वाली संतान नशों से दूर रहे तो तम्बाकू उत्पाद पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना होगा। जो लोग इसके आदि हो चुके हैं उन लोगों को इसे छोड़ने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। यदि नशा कोई भी अच्छा होता तो सबसे पहले हमारे माता-पिता हमें सेवन के लिए दे देते। आज सिगरेट और हुक्का परिवर्तित रूप में हमारे सामने आ चुका है और वो है ई-सिगरेट और ई-हुक्का जो प्रतिबंधित है। आज भी लोगों की धारणा है कि हुक्का भाईचारे का प्रतीक है जबकि यह मिथ्या है। यदि हुक्का हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग होता तो इसका वर्णन वेद ग्रन्थ और शास्त्रों में अवश्य होता। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध करने के लिए कानून तो है लेकिन पालना अभी भी नहीं हो रही है।

(लेखक हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास के प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्व खाद्य दिवस
रविशंकर

# भूख और कुपोषण से जूझती दुनिया

> सवाल ये है कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्या से मुक्ति क्यों नहीं मिल पाई है? जबकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई है। परंतु कुपोषण व भुखमरी का मसला अभी भी चुनौती बना हुआ है। बिहार और उत्तर प्रदेश इनमें सबसे आगे हैं। कुपोषण आज देश के लिए राष्ट्रीय शर्म है। भारत में कुपोषण की समस्या कुछ इलाकों में बहुत ज्यादा है। वास्तव में कुपोषण बहुत सारे सामाजिक-राजनीतिक कारणों का परिणाम है। जब भूख और गरीबी राजनीतिक एजेंडा की प्राथमिकता में नहीं होती तो बड़ी तादाद में कुपोषण सतह पर उभरता है। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं अपितु कई देशों में खाने की भारी किल्लत है।

विज्ञान और तकनीक एक तरफ देश में क्रांति ला रही है तो दूसरी तरफ हम मानव के जीवन की प्राथमिक जरूरत, भूख को पूरा नहीं कर पाए हैं। ये अपार प्रगति सबके लिए भोजन का प्रबन्ध नहीं कर पाई है। वहीं सामाजिक और आर्थिक विकास के पैमाने पर देखें तो भारत की एक विरोधाभासी तस्वीर उभरती है। एक तरफ तो हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े खाद्यान्न उत्पादक देश हैं तो दूसरी तरफ भूख और कुपोषण के तमाम आंकड़े सोचने के लिए मजबूर करते हैं। विकास के तमाम दावों के बावजूद भारत अभी भी गरीबी और भुखमरी जैसी बुनियादी समस्याओं की चपेट से पूरी तरह बाहर नहीं निकल सका है। सवाल ये है कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्या से मुक्ति क्यों नहीं मिल पाई है? जबकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई है। परंतु कुपोषण व भुखमरी का मसला अभी भी चुनौती बना हुआ है। बिहार और उत्तर प्रदेश इनमें सबसे आगे हैं। कुपोषण आज देश के लिए राष्ट्रीय शर्म है। भारत में कुपोषण की समस्या कुछ इलाकों में बहुत ज्यादा है। वास्तव में कुपोषण बहुत सारे सामाजिक-राजनीतिक कारणों का परिणाम है।

जब भूख और गरीबी राजनीतिक एजेंडा की प्राथमिकता में नहीं होती तो बड़ी तादाद में कुपोषण सतह पर उभरता है। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। अपितु विश्व के कई देशों में खाने की भारी किल्लत है। खाद्यान्नों की कमी और बढ़ती जनसंख्या ने विश्व में ऐसी विकट स्थितिपैदा की है जहां करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए अपना खून-पसीना एक करने को बेबस हैं। यही वजह है कि दुनियाभर में भोजन की कमी और भूख से हर साल करोड़ों जानें काल के गाल में समा जाती हैं। अहम सवाल है ये है कि क्या सिर्फ कृषि उत्पाद बढ़ाकर और खाद्यान्न को बढ़ा कर हम भूख से अपनी लड़ाई को सही दिशा दे सकते हैं। चाहे विश्व के किसी कोने में इस सवाल का जवाब हां हो, पर भारत में इस सवाल का जवाब ना है और इस ना की वजह है खाद्यान्नों को रखने के लिए जगह की कमी। यूं तो भारत विश्व में खाद्यान्न उत्पादन में चीन के बाद दूसरे स्थान पर पिछले दशकों से बना हुआ है। लेकिन ये भी सच है कि यहां प्रतिवर्ष करोड़ों टन अनाज बर्बाद भी होता है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल लगभग 58,000 करोड़ रुपये का खाद्यान्न भंडारण आदि तकनीकी के अभाव में नष्ट हो जाता है। भूखी जनसंख्या इन खाद्यान्नों पर ताक लगाए बैठी रह जाती है। इतना ही नहीं, भारत में लाखों टन अनाज हर साल खुले में सड़ जाते हैं। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब करोड़ों लोग भूखे पेट सो रहे हैं और पांच साल से छोटे बच्चों की एक बड़ी आबादी कुपोषण की शिकार है। ऐसा नहीं है कि भारत में खाद्य भंडारण के लिए कोई कानून नहीं है। लेकिन इसके बावजूद आज भी लाखों टन अनाज बर्बाद होता है। तमाम लोग दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

इसी जद्दोजहद में गरीब दम तक तोड़ देते हैं। ऐसा भी नहीं है कि सरकार ने भूख से लड़ने के लिए कारगर उपाय नहीं किए हैं। सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी



मिशन, नरेगा, मिड डे भोजन, काम के बदले अनाज, सार्वजानिक वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा नेट, अंत्योदय अन्न योजना आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि सभी देशवासियों की भूख मिटाने के लिए ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से जीवनयापन के लिए रोजगार परक आय व पोषणयुक्त भोजन मिल सके। लेकिन कागजों पर बनने वाली ये योजनाएं जमीन पर कितनी अमल की जाती हैं इसका अंदाजा आप भारत में भूख से मरने वाले लोगों की संख्या से लगा सकते हैं। सम्पूर्ण विश्व में बेहद तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद भी आज भी भारत में गरीबी और कुपोषण एक समस्या बनी हुई है। हमारा सिस्टम अभी तक इस गंभीर समस्या का समाधान करने में नाकाम रहा है। यही वजह है कि देश की एक तिहाई से ज्यादा बच्चे अभी भी कुपोषण का शिकार हैं। देश में कुपोषण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। महिलाओं में एनीमिया की शिकायत आम है और बच्चे कुपोषित पैदा हो रहे हैं। इस कारण पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की लंबाई सामान्य से कम और वजन लंबाई के मुताबिक नहीं है। उम्र की तुलना में कम लंबाई वाले बच्चों की संख्या के मामले में बिहार 43 फीसदी हिस्सेदारी के साथ मेघालय के बाद देश में दूसरे नंबर पर है। हालांकि, शिशु मृत्यु दर के मामले देश के अधिकतर राज्यों में कम हुए हैं। इसकी वजह टीकाकरण बताई गई है, लेकिन भूख और कुपोषण की स्थिति अभी चिंतनीय स्तर पर है। इसका साफ मतलब यह है कि तमाम योजनाओं के ऐलान और बहुत सारे वादों के बावजूद अगर देश में भूख व कुपोषण के शिकार लोगों की संख्या कम नहीं कर पाए हैं। योजनाओं को लागू करने में कहीं न कहीं भारी गड़बड़ियां और अनियमितताएं हैं। सवाल है, भारत में इस भुखमरी का कारण क्या है, क्या संसाधनों की कमी है? नहीं ऐसी स्थिति कम से कम भारत में नहीं है। भारत में न तो प्राकृतिक संसाधनों की कमी है और न ही वित्तीय संसाधनों की। कमी है तो केवल प्राथमिकता की।

खैर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार कुपोषण, अल्पपोषण, कम वजन जन्म और रक्ताल्पता से मुद्दे पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। सरकार ने राष्ट्रीय पोषण मिशन का नाम बदलकर 'पोषण अभियान' कर दिया है। लेकिन भारत में कुपोषण की इतनी बड़ी समस्या है कि इससे निपटना आसान नहीं है। साफ है, अपेक्षाकृत तेजी से आर्थिक विकास के बावजूद भारत कुपोषण की समस्या को दूर करने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। इससे स्पष्ट है कि पोषण की स्थिति में सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में संरचनात्मक बदलाव किए जाने की आवश्यकता है। ऐसा करके ही कुपोषण मुक्त भारत एवं 2030 तक गरीबी को समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा। इसके लिए कुपोषित परिवारों की पहचान कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। इसके लिए भारत में पोषण के कार्यक्रमों को एक जन आंदोलन में बदलना होगा, जिसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए स्थानीय निकायों, सामाजिक संगठनों, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों की व्यापक स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। केंद्र एवं राज्यों के महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, शिक्षा, खाद्य एवं अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय के साथ कुपोषण संबंधी कार्यक्रमों को एक साथ सामूहिक रूप से लागू करने पर ही कुपोषण रूपी दुश्मन को जड़ से मिटाया जा सकता है। समय-समय पर कुपोषण संबंधी डाटा का मूल्यांकन, उसे कम करने के प्रयासों की समीक्षा के साथ ही जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

(लेखक शोधकर्ता और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी की बुद्धि।

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोला: अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछा: आप कौन हैं? सर्प ने कहा: अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहा: भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहा: कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ओजोन सुरक्षित तो हम सुरक्षित

ओजोन के संरक्षण के लिए ही 19 दिसंबर 1964 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतरराष्ट्रीय ओजन दिवस मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के लगभग 45 देशों ने ओजोन परत को खत्म करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर 16 सितंबर 1987 को हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पहली बार 1995 को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया और इसके बाद से हर साल यह दिन मनाया जाता है। कुदरत का अनमोल तोहफा स्वर्ग जैसी धरती और धरती के संरक्षण के लिए कुदरत ने बहुत कुछ हमें दिया है। इसी तोहफे में से एक है ओजोन परत। ओजोन परत का संरक्षण उसी तरह जरूरी है, जिस तरह हम बीमारियों से बचने के लिए अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं।

*- योगेश पाठक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी की दुनिया



भारत ने प्रौद्योगिकी की दुनिया को समावेशी बनाया है। इसने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाया है। इसे भारत के सभी क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निर्वाचन आयोग का स्वागत



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र व झारखण्ड राज्य विधानसभा आमचुनाव के लिए तारीख़ों की घोषणा का स्वागत। चुनाव जितना कम समय में तथा जितना पाक-साफ अर्थात धनबल व बाहुबल आदि के अभिशाप से मुक्त हो, उतना ही बेहतर।

- मायावती, बसपा प्रमुख

### इसरो प्रमुख का सम्मान



इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ को प्रतिष्ठित आईएएफ विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने भारत के 'चंद्रयान3' अंतरिक्ष अन्वेषण का नेतृत्व कर हमें सफल चंद्र लैंडिंग में सक्षम देशों के एक विशिष्ट समूह की श्रेणी में ला खड़ा किया।

-किरण मज़ूमदार-शॉ, उद्यमी

### बॉलीवुड में 25 साल पूरे



बॉलीवुड में 25 साल पूरे होने के लिए बहुत आभारी हूं। एक ऐसे क्षेत्र में काम करना जो नौकरी नहीं बल्कि वरदान जैसा लगता है। इस यात्रा में आपके प्यार के लिए धन्यवाद।

-आफताब शिवदासानी, अभिनेता

## करंट अफेयर

# तालिबानी मीडिया प्राणियों की तस्वीरें नहीं दिखा रहा



तालिबान द्वारा संचालित मीडिया ने नैतिकता कानूनों का पालन करने के लिए अफगानिस्तान के कुछ प्रांतों में प्राणियों की तस्वीरें दिखाना बंद कर दिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। देश के धर्माचरण मंत्रालय ने अगस्त में सार्वजनिक परिवहन, दाढ़ी बनाना, मीडिया और समारोहों जैसे रोजमर्रा के जीवन के पहलुओं को नियंत्रित करने वाले कानूनों को प्रकाशित किया था जो इस्लामी कानून या शरिया की अधिकारियों की व्याख्या को प्रतिबिंबित करते हैं। अनुच्छेद 17 के तहत प्राणियों की तस्वीरों के प्रकाशन पर प्रतिबंध है, जिससे अफगान मीडिया और प्रेस की स्वतंत्रता पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता सैफ-उल-इस्लाम खैबर ने कहा कि तखार, मैदान वरदक और कंधार प्रांतों में सरकारी मीडिया को सलाह दी गई है कि वह ऐसी किसी भी चीज़ का प्रसारण या प्रकाशन न करें जिनमें जान होती है, मसलन इंसान और पशु। खैबर ने एक दिन पहले 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया था कि मंत्रालय नैतिकता कानूनों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या ये नियम विदेशी मीडिया सहित सभी मीडिया संस्थानों पर लागू होंगे या सिर्फ अफगान चैनलों और वेबसाइट पर ही लागू होंगे।

## ऑफ बीट

# सर्दी और फ्लू के मौसम के लिए बरते सावधानी



जैसे-जैसे शरद ऋतु और फिर शीत ऋतु के महीने आ रहे हैं, कनाडाई लोगों से आगामी मौसम के दौरान फ्लू के प्रति सावधानी बरतने का आग्रह किया जा रहा है। कनाडा में फ्लू का मौसम आमतौर पर दिसंबर और फरवरी के बीच चरम पर होता है, लेकिन वायरस इससे भी पहले फैल सकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकारी शीघ्र टीकाकरण की वकालत कर रहे हैं तथा इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वार्षिक फ्लू टीका संक्रमण से बचाव तथा बीमारी की गंभीरता को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। कनाडा भर में स्वास्थ्य केंद्र फ्लू का टीकाकरण निशुल्क करते हैं। इन्फ्लूएंजा इन्फ्लूएंजा को आम तौर पर फ्लू के नाम से जाना जाता है। यह इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होने वाली एक श्वसन संबंधी बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैलती है। ये वायरस मुख्य रूप से नाक, गले और फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। फ्लू के लक्षणों में आमतौर पर बुखार आना, ठंड लगना, मांसपेशियों में दर्द, खांसी, नाक बंद होना, नाक बहना, सिरदर्द और थकान शामिल हैं। सामान्य सर्दी के विपरीत, जो अक्सर धीरे-धीरे बढ़ती है, फ्लू अचानक होता है और निमोनिया, ब्रोंकाइटिस जैसी गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।





## टीवी मसाला



# 'केबीसी 16' कंटेस्टेंट प्रशांत ने अपनी लाचारी की कहानी सुनाई

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'केबीसी 16' कई वजहों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। इस शो में अमिताभ की मेजबानी, जेनरल नॉलेज को लेकर त0माम जानकारियां, हंसी-मजाक और बीच-बीच में एक्टर की लाइफ से जुड़े किस्सों के अलावा ये शो कंटेस्टेंट्स की इमोशनल कहानियों को भी दर्शकों से खूब जोड़ता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब अपनी लाचारी और इलाज के लिए परेशान प्रशांत शो में पहुंचे। 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीज़न में अगले कंटेस्टेंट बनकर पहुंच रहे है महाराष्ट्र के सांगली के निवासी प्रशांत प्रमोद जामदाड़े, जो अब हॉट सीट पर नजर आनेवाले हैं। प्रशांत चलने से लाचार हैं, जिसकी वजह उनकी सर्जरी है। जब अमिताभ ने उनकी पूरी कहानी सुनी तो वो दुखी हो गए। अमिताभ ने हॉटसीट पर बैठने के दौरान प्रशांत की मदद की। जैसा कि हमेशा अमिताभ पूछा करते हैं, उन्होंने प्रशांत से भी यहा सवाल किया। उन्होंने पूछा कि वह जीती गई धनराशि का क्या करना चाहते हैं? इसपर दिव्यांग प्रशांत ने कहा कि वह अपने पैर का सही इलाज करवाना चाहते हैं। फिर उन्होंने पूछा कि क्या आपने किसी डॉक्टर से सलाह ली है? इस पर प्रशांत ने कहा कि सांगली में अच्छे हॉस्पिटल नहीं हैं। इसपर अमिताभ ने आश्वासन देते हुए उन्हें कहा- मुंबई में कई बेहतरीन हॉस्पिटल हैं जहां नसों से जुड़ी समस्या का अच्छा इलाज होता है। उन्होंने कहा- मैं आपकी मदद करने की पूरी कोशिश करूंगा।

## देवोलीना ने करवाया मैटरनिटी फोटोशूट

**नई दिल्ली।** टीवी की 'गोपी बहू' देवोलीना भट्टाचार्जी जल्द ही मां बनने वाली हैं। वह अपने इस प्रेग्नेंसी फेज को खूब इंजॉय कर रही हैं। देवोलीना ने हाल ही मैटरनिटी फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं।



तस्वीरों में देवोलीना बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो और पहली बार मां बनने की खुशी की चमक खूब झलक रही है। देवोलीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वह किसी तस्वीर में पति शहनवाज संग रोमांटिक होती नजर आ रही हैं, तो किसी में बेबी बंप को सहला रही हैं। तस्वीर में उनका प्यारा डॉगी एंजल भी है। तस्वीरें शेयर कर देवोलीना ने लिखा है, 'पैरेंट्स के रूप में हमारी एडवेंचर भरी जर्नी जल्द शुरू होने वाली है और मैं इसके लिए बहुत एक्साइटेड हूं।' इन तस्वीरों पर प्यार लुटाते हुए फैंस ने दिल छू लेने वाले कमेंट्स किए हैं। एक ने लिखा है, 'किसी की नजर ना लगे। बहुत खूबसूरत।' एक और कमेंट है, 'बहुत सुंदर लग रही हो देवोलीना।' फैंस के अलावा कपल के दोस्तों ने भी उन्हें बधाई दी है और प्यार उड़ेला है।

**इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कर दिया था धमाका**

# 60 साल पहले की वो हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी मर्डर मिस्ट्री फिल्म क्लाइमेक्स इतना ख़ौफनाक कि दोबारा देखने को मजबूर हुए थे लोग

***नई दिल्ली।** इंडियन सिनेमा में मर्डर मिस्ट्री फिल्मों का क्रेज शुरू से ही ज्यादा रहा है। अब मर्डर मिस्ट्री और सस्पेंस थ्रिलर कंटेंट का ठेका ओटीटी ने ले लिया है। साल दर साल ओटीटी पर इस जोनर की कई सीरीज और फिल्में रिलीज होती हैं। वहीं बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में भी साल में इक्का-दुक्का मर्डर मिस्ट्री सस्पेंस थ्रिलर फिल्म बनती रहती हैं। आज हम आपका बताने जा रहे हैं 60 साल पहले रिलीज हुई इस हिंदी मर्डर मिस्ट्री फिल्म के बारे में, जिसने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म को हिंदी सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी सस्पेंस थ्रिलर मर्डर मिस्ट्री फिल्म का टैग मिला है। इस फिल्म के आगे आज की सस्पेंस-थ्रिलर फिल्में और वेब-सीरीज फीकी नजर आती हैं।*

### क्या है इस फिल्म का नाम?

हम बात कर रहे हैं साल 1965 में रिलीज हुई फिल्म 'गुमनाम' की, जिसे राजा नवाथे ने डायरेक्ट किया था। यह एक मल्टीस्टारर फिल्म थी, जिसमें मनोज कुमार, नंदा, प्राण, हेलेन, महमूद, तरुण बोस, मदन पुरी, मनमोहन और धूमल जैसे स्टार नजर आए थे। इस फिल्म का गाना 'हम काले हैं तो क्या हुआ दिलवाले हैं' आज भी लोगों की जुबां पर रटा हुआ है। फिल्म की कहानी और इसका सस्पेंस दर्शकों को आज भी थ्रिल कर देता है। 'गुमनाम' में मनोज कुमार एक पुलिसवाले के रोल में हैं, जो फिल्म में कातिल का पता लगाते हैं।



### क्या है कहानी और कितनी की कमाई?

फिल्म की कहानी की बात करें यह एक द्वीप पर फंसे 8 लोगों के ईर्द-गिर्द घूमती है। ऐसे में ये सभी एक हवेली में पहुंचते हैं, जहां एक संदिग्ध शख्स पहले से मौजूद होता है। इसके बाद हवेली में इन 8 लोगों में से कुछेक को मौत के घाट उतारा जाता है, लेकिन फिल्म के अंत तक किसी को पता नहीं चलता है कि यह मर्डर क्यों हो रहे हैं और कौन कर रहा है। फिल्म का क्लाईमैक्स इतना रूह कंपा देने वाला है, कि फिल्म को दोबारा देखने का मन करेगा। फिल्म 'गुमनाम' ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर 2.6 करोड़ रुपए की कमाई की थी। आईएमडीबी ने फिल्म को 10 में से 6.9 रेटिंग दी है। अगर आप मर्डर मिस्ट्री फिल्मों के शौकिन हैं तो गुमनाम फिल्म को देख सकते हैं।

# सल्लू की फिल्म से किया कमबैक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमिका चावला ने सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम'से अपने करियर की शुरुआत की थी। ऑडियंस को सिल्वर स्क्रीन पर दोनों की केमिस्ट्री बहुत पसंद आई। रिलीज के बाद 'तेरे नाम'बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थी। साल 2008 में उन्होंने पंजाबी फिल्म 'यारियां'में काम किया, जिसमें उन्होंने गुरदास मान के साथ स्क्रीन शेयर किया। सुपरस्टार मोहनलाल के साथ फिल्म 'भ्रमरम'में काम किया। भूमिका चावला ने साल 2023 में सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान'के साथ बॉलीवुड में कमबैक किया। कुछ समय पहले भूमिका चावला ने खुलासा किया था कि पहली फिल्म की सक्सेस के बाद उन्हें 'जब वी मेट'और 'मुन्ना भाई एबीबीएस'जैसी फिल्मों में रिप्लेस कर दिया गया था। एक इंटरव्यू में भूमिका चावला ने बताया था कि उन्हें केवल एक बार निराशा महसूस हुई, जब करीना कपूर ने इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' में उनकी जगह ले ली। भूमिका ने यह भी बताया



कि संजय दत्त की फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस'में उनकी जगह ग्रेसी सिंह को लिया गया था। भूमिका चावला ने कहा, 'मुझे केवल एक बार बुरा लगा, जब मैंने 'जब वी मेट'साइन की, लेकिन काम नहीं कर पाई।

# इस फिल्म को देखने के बाद कई दिनों तक नहीं सो पाए थे दर्शक...

**नई दिल्ली।** आजकल हॉरर फिल्मों का क्रेज है। चाहे वो हॉरर कॉमेडी हो या भी भयंकर रूप से डराने वाली भूतिया फिल्में, लोग इनका खूब मजा ले रहे हैं। हाल में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया, जिसके बाद हॉरर फिल्मों का बाजार फिर गर्म हो गया है। आज हम एक ऐसी हॉरर फिल्म की बात कर रहे हैं, जिसमें टीवी की कई सितारे नजर आए थे और पर्दे पर गजब का खौफनाक मंजर पेश किया था. दोस्तों की ये कहानी और उनके साथ हुई घटनाएं आपको खूब डराती हैं।



**फिल्म की कहानी :** फिल्म में सात दोस्तों की अनोखी कहानी को दिखाया गया है। ये सातों दोस्त कई सालों से बंद पड़े होटल में जाते हैं, जो पहले एक मेंटल एसाइलम हुआ करता था। इस होटल में उनके साथ अनहोनी घटनाएं होने लगती हैं। होटल के अंदर से कौन-कौन जिंदा बाहर निकल पाता है और कौन इस रहस्यमयी होटल में गायब हो जाता है, इसका पता को फिल्म देखने पर ही आपको चलेगा। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखाया था, लेकिन ओटीटी पर इसे अच्छा रिस्पांस मिला है।

### 11 साल पहले हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं साल 2013 में आई फिल्म हॉरर स्टोरी की। फिल्म को आयुष रैना ने डायरेक्ट किया था और इसकी स्टोरी विक्रम भट्ट ने लिखी थी। फिल्म में टीवी के कई जाने माने सितारे नजर आए थे और दर्शकों को खूब डराया था। करण कुंद्रा और निशांत मलकानी ने इसी फिल्म के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था। इनके साथ ही फिल्म राधिका मेनन, रवीश देसाई, हसन जैदी, अपर्णा बाजपेयी, नंदिनी वैद और हीतल सिंह जैसे कलाकार भी थे।


**Columbia Group of Institutions**

(Run by Janpragati Education Society)

**ADMISSION NOTICE 2024**

**MANAGEMENT QUOTA**

Columbia Group of Institutions invites applications for admission to the following courses under Management Quota for the academic year 2024-25, as per the Admission Rule 2024 of the Directorate of Technical Education (DTE):

| Sr. no. | Course(s) | | Reservation of Seats |
|---|---|---|---|
| 1 | B. Pharm./ D. Pharm. | Admission based on PPHT & guidelines of Admission Rule 2024. | As per the Seat Matrix available in the website of DTE (http://slcm.cgstate.gov.in/dteonline) |
| 3 | B. Pharm. (Lateral Entry) | As per the guidelines of Admission Rule 2024 | |
| 6 | M. Pharm. | Admission based on UG performance and GPAT score, following the guidelines of Admission Rule 2024. | |

Admission as per the norms & guidelines by Department of Technical Education, Chhattisgarh Government.
Eligible candidates with their relevant documents may contact for admission on or before 30th October 2024 at:

**Columbia Campus**
Village – Tekari, Near Vidhan Sabha, Raipur (CG)
Helpline- 8518888811 / 9981461109


# अजय हैं बॉलीवुड के असली दबंग...

**नई दिल्ली।** अजय देवगन बॉलीवुड के वो स्टार हैं जो अक्सर बॉक्स ऑफिस पर किसी फिल्म के साथ मुकाबले में फंस जाते हैं। लेकिन वह कभी भी कदम पीछे नहीं हटाते हैं और इसलिए उन्हें बॉलीवुड का दबंग भी कहा जाए तो गलत नहीं होगा। बॉक्स ऑफिस पर 15 साल, 14 मुकाबले और 5 में जीत तो यही साबित करता है। दिवाली 2024 पर जहां उनकी फिल्म सिंघम अगेन का मुकाबला भूल भुलैया 3 से होने जा रहा है। वहीं आने वाले समय में रेड 2 भी मुकाबले में फंस सकती है। अजय देवगन की 'रेड 2' और नेशनल क्रश कही जाने वाली एनिमल



फेम एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी 'धड़क 2' 21 फरवरी, 2025 को एक साथ रिलीज होंगी। रेड 2 में अजय देवगन एक बार फिर अमय पटनायक के अपने अपने दमदार किरदार के साथ वापसी कर रहे हैं। 2018 में रिलीज हुई रेड ने बॉक्स ऑफिस पर 153 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया और इसका बजट लगभग 50 करोड़ रुपए था। इस तरह निर्माताओं ने इसका सीक्वल 21 फरवरी 2025 में रिलीज करने का फैसला लिया। लेकिन अब खबर आ रही है कि तृप्ति डिमरी की धड़क 2 भी इसी दिन रिलीज हो सकती है।







## जैकेट के शेष

### मुंबई-न्यूयार्क फ्लाइट को ....

विमान की जांच के बाद बम जैसी किसी वस्तु की पुष्टि नहीं हुई है। बम की धमकी और अफवाह को फैलाने वाले को लेकर टीम ने छत्तीसगढ़ में छापेमारी की। मुंबई पुलिस कमिश्नर ने विशेष जांच टीम बनाई है। पूरी टीम को लीड 2015 बैच के आईपीएस मनीष कलवानिया कर रहे हैं। इस संबंध में महाराष्ट्र मुंबई पुलिस के द्वारा एक अज्ञात आरोपी व ट्विटर हैंडलर के खिलाफ अपराध क्र0 823/2024 धारा 125,353(1),(बी) 351(4) बीएनएस 3(1)(क) नागरिक उडान सुरक्षा अधिनियम 1982 अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था।

**पहले भी कई मामले दर्ज** : लड़के के पिता का नाम मंगूलाल अग्रवाल है, जो मोबाइल और कंप्यूटर की दुकान का संचालन करते हैं। हालांकि कुछ दिनो से इनकी दुकान बंद पड़ी हुई है। आरोपी ने दूसरे की मेल आईडी हैक कर धमकी दी थी। पहले भी ये ट्रेन को उड़ाने की धमकी दे चुका है,तब पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया था। कारोबारी के नाबालिग बेटे के खिलाफ राजनांदगांव कोतवाली और डोंगरगढ़ थाने में कई केस दर्ज हैं।

### बम की धमकी, अयोध्या ....

द्वारा नियुक्त बम के खतरे का आकलन वाली समिति के निर्देशानुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए।

### शिकागो जा रहा ....

होने तक यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है।'' अधिकारी ने बताया कि इस उड़ान में बम रखे होने की धमकी मिली थी।

### महाराष्ट्र-झारखंड में चुनावी ....

मतदान होगा 23 नवंबर को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग का काम है।

### रायपुर दक्षिण का ....

**सामान्य सीट इसलिए दावेदार अधिक** : दक्षिण विधानसभा की सीट सामान्य वर्ग की श्रेणी में आती है। यानी इस सीट के लिए किसी भी वर्ग का व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। यही वजह है कि यहां दावेदारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस उपचुनाव में कांग्रेस-भाजपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर रहेगी। यह सीट लंबे समय से भाजपा के कब्जे में है। ऐसे में भाजपा के सामने अपनी परंपरागत सीट को बचाए रखने की चुनौती होगी।

**भाजपा के दावेदारों की होड़** : रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए बीजेपी ने हाल ही में अपने नेताओं की बैठक आयोजित की, जिसमें कई संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार हुआ। इनमें सुनील सोनी, संजय श्रीवास्तव, केदार गुप्ता, मीनल चौबे, अवधेश जैन, मृत्युजंय दुबे और सुभाष तिवारी जैसे नेताओं के नामों पर चर्चा हुई। इनमें से तीन नामों को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस में भी दावेदार सक्रियः रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने भी आंतरिक सर्वे कराया है, उसके आधार पर ही टिकट का फैसला होगा। यहां से कांग्रेस के दावेदारों में कन्हैया अग्रवाल, प्रमोद दुबे, सुशील सन्नी अग्रवाल, आकाश शर्मा, सतनाम पनाग जैसे नेताओं के नाम चर्चा में हैं।

### भाजपा का रहा ....

भाजपा के नेता बृजमोहन अग्रवाल 1990 से 2023 तक लगातार आठ विधानसभा चुनाव जीते हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने कांग्रेस के महंत रामसुंदर दास को 66 हजार से भी ज्यादा वोटों से चुनाव हराया था।

### बदलेगा एनआरआई कोटे ....

में अभी एनआरआई कोटे की दस सीट शेष हैं जिसमें प्रवेश के लिए संशोधित नियम का पालन किए जाने के आसार हैं। इसके साथ ही आने वाले दिनों में एमडी-एमएस कोटे से होने वाले एडमिशन में भी संशोधित नियम लागू की जाएगी। माना जा रहा है कि अप्रवासी भारतीय सीट के लिए जारी होने वाले सर्टिफिकेट के केंद्रीय स्तर पर नियम बनाया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मॉपअप राउंड के पुराने शेड्यूल के अनुसार मंगलवार को कुल 73 सीटों का अलॉटमेंट लिस्ट जारी किया जाना था जिसे आगामी तिथि तक स्थगित किया है। जल्दी ही एनआरआई कोटे से प्रवेश के लिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए नियम तैयार कर गजट नोटिफिकेशन किया जाएगा और उसका पालन करते हुए एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**डा. गुप्ता की चेतावनी-सख्त कार्रवाई नहीं तो प्रदर्शन करेंगे** : इस मामले में कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता द्वारा चेतावनी दी गई है कि नियम नहीं बदलने पर आने वाले दिनों में छात्रों और पालकों के साथ विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि एनआरआई कोटे के नाम पर फ्राड होता है, इसे बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनआरआई सर्टिफिकेट में जमकर गड़बड़ी हुई है। जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई हो नहीं तो विरोध किया जाएगा।

**सर्टिफिकेट की हो सकती है जांच** : काउंसिलिंग के दो राउंड के दौरान जिन विद्यार्थियों का एडमिशन एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने वाले छात्रों के दस्तावेज जांच के दायरे में आ सकते है। सूत्रों का कहना है स्कूटनी के दौरान इन छात्रों द्वारा अप्रवासी भारतीय होने का जो प्रमाण पत्र दिया गया है वह तहसीलदार अथवा उससे समकक्ष अधिकारियों द्वारा जारी किया जाता है। नियम में संशोधन के साथ होने वाले गजट नोटिफिकेशन के बाद इस सर्टिफिकेट की जांच संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कराई जा सकती है। कुछ साल पहले ईडब्लूएस कोटे के प्रमाणपत्र के लिए यह प्रक्रिया अपनाई गई थी।

**स्थानीय छात्रों को राज्य कोटे की सीट** : इस बीच एम्स के एमबीबीएस के विद्यार्थियों को राज्य कोटे की सीट के आवंटन की मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत पर चिकित्सा शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। इस नियम में भी संशोधन कर स्थानीय मेडिकल कालेज के छात्रों को ही पीजी सीट का अलॉटमेंट जारी करने का नियम लागू करने की तैयारी की जा रही है।

### 1.14 करोड़ में ....

सुप्रीम कोर्ट का इस मामले में निर्देश आने के बाद लोगों का ध्यान इस तरफ गया है।

### साजा विधायक के ....

विवेचना में लिया गया है। ज्ञात हो कि विगत 02 दिनों से प्रार्थी ने नामजद आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर साजा थाने में शिकायत दी थी। जिस पर आदिवासी समाज के द्वारा पुलिस पर विधि संगत कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

### यह है घटनाक्रम.....

खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शिकायत पत्र थाना में दिया था। जिस पर पुलिस प्रशासन पर एफआईआर से गुरेज करने व मामले में समझौता कराने का आरोप भी लगा।

### विधानसभा अध्यक्ष...

कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री टंकराम वर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण-चिकित्सा शिक्षा-बीस सूत्रीय कार्यन्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य-उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन देवांगन, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, सांसद संतोष पांडेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महेश गागड़ा संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### दस हजार नकद ....

सीएमओ रामायण प्रसाद पांडेय ने 25 हजार रुपए की मांग की। प्रार्थी राशि रिश्वत में नहीं देना चाहता था। बल्कि रिश्वत लेते हुए उन्हें पकड़वाना चाहता है। शिकायत का सत्यापन कराने पर शिकायत सही पाई गई। एसीबी की टीम ने को आरोपी प्रार्थी से 10 हजार रुपए पकड़ लिया। एसीबी टीम को देखते ही आरोपी ने हाथ में लिए रिश्वत रकम को फेंक दिया गया जिसे एसीबी टीम ने बरामद कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 7 पीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## राजनाथ ने नौसेना राडार स्टेशन के कार्यक्रम में कहा

# शांति और व्यवस्था बनाए रखना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत की समुद्री सीमाएं निर्धारित करने वाले देशों की ओर से भी समुद्री सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। भारत के इस प्रयास में सभी मित्र देशों का साथ जरूरी है, क्योंकि यदि एक भी देश छूटा तो समझिए हमारा सुरक्षा चक्र टूटा। भारत तोड़ने में नहीं, बल्कि सबको जोड़ने में विश्वास रखता है, इसलिए हम लोग हर तरीके से सभी मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने तेलंगाना के विकाराबाद में नौसेना के वीएलएफ राडार स्टेशन की नींव रखने के बाद शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### संचार के लिए अहम ये केंद्र

रक्षा मंत्री ने कहा कि साधारण या असाधारण परिस्थिति में किसी भी कमांड सेंटर से जुड़े सभी लोगों के बीच सूचनाओं का निर्बाध प्रवाह होना बहुत जरूरी है और इस प्रकार के संचार के लिए ये केंद्र बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। यह वीएलएफ स्टेशन समुद्री बलों के बीच संचार स्थापित करने की कड़ी में हमारा सबसे अहम प्रयास है। यह हमारे सशस्त्र बलों के कमांड सेंटरों के साथ समुद्र में हमारे जहाजों और पनडुब्बियों के बीच एक मजबूत और वास्तविक समय संचार विकसित करना चाहता है। यह स्टेशन हमारे समुद्री हित को सुरक्षित करने के समान दृष्टिकोण के साथ बनाया जा रहा है।

### संचार प्रणाली का ढांचा आवश्यक

राजनाथ सिंह ने कहा कि रणनीतिक प्रभुत्व तथा संसाधनों के प्रतिस्पर्धा में अगर भारत को अपना हित सुरक्षित करना है, तो हमारे पास के प्लेटफार्मों और उपकरणों का होना बहुत जरूरी है, उसके साथ-साथ एक संचार प्रणाली का ढांचा भी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज हमारी नौसेना के पास लगभग बहुत से जहाज हैं। भारतीय नौसेना के कई जहाज और अन्य प्लेटफॉर्म पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में उतारे गए हैं। हमारी नौसेना का क्षेत्र संपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में, पूर्व में मलक्का स्ट्रेट से, पश्चिम में अदन की खाड़ी, फारस की खाड़ी और अफ्रीका के पूर्वी तट तक फैला हुआ है।

**वाशिंगटन। बृहस्पति ग्रह के चांद यूरोपा पर जीवन की संभावना की तलाश करने के लिए नासा ने सोमवार को यूरोपा क्लिपर स्पेसक्राफ्ट लॉन्च किया। स्पेसक्राफ्ट को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया।

## अल्जीरियाई कंपनियां 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' में हों शामिल



**अल्जीयर्स।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में अल्जीरियाई-भारतीय आर्थिक मंच के संबोधन में 'व्यापार करने में आसानी' भारत की तीव्र वृद्धि और प्रभावशाली प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने अल्जीरियाई कंपनियों को भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

**संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं.-00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD202425440726600007**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00071 के अंतर्गत ग्राम **बोरियाखुर्द** के वर्तमान भूमिस्वामी परिवर्तित भूमि पिता/पति- पता - के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 191/15 (0.0190) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर पिता/पति - पता - न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **04/11/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदारः
Prakash Soni
रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय जनपद पंचायत धमतरी**

पत्र क्र. 5611/ ज.पं./ लेखा/24-25 धमतरी, दि. 08/10/2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

**जनपद पंचायत धमतरी परिसर स्थित 08 व्यवसायिक दुकानों के नीलामी सूचना**

जनपद पंचायत धमतरी परिसर स्थित 08 व्यवसायिक दुकानों की नीलामी दिनांक 17.10.2024 दिन गुरूवार को समय 11.00 बजे स्थान जनपद पंचायत धमतरी के परिसर में किया जावेगा। व्यवसायिक दुकानों की नीलामी में जनपद पंचायत धमतरी अंतर्गत 94 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण ही भाग ले सकेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु व्यवसायिक दुकानों की नीलामी की शर्तें ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। अवलोकन कर सकते हैं।

विनीत
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत धमतरी


## पेज एक के शेष

### रात्रि 8 बजकर...

किया जाएगा। वहीं, 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है। साथ ही चंद्र देव की उपासना की जाती है। इस दौरान चंद्र देव को चावल की खीर अर्पित की जाती है। शरद पूर्णिमा पर चंद्र देव की पूजा करने से साधक को मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। साथ ही शुभ कार्यों में सफलता मिलती है। अतः साधक भक्ति भाव से शरद पूर्णिमा पर भगवान श्रीकृष्ण और चंद्र देव की पूजा करते हैं।

### सर्वार्थ सिद्धि और...

अद्भुत और शुभ संयोग बना हुआ है। इस बार शरद पूर्णिमा के दिन यानी 16 अक्टूबर को रवि योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग और शश राजयोग भी रहेगा। इसके अलावा शुभ ग्रह गुरु और सूर्य का नवम पंचम योग, चंद्रमा और मंगल का केंद्र योग। इन सभी के साथ ध्रुव योग भी बन रहा है।

### दोहरे हत्याकांड का...

कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस जब आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए खोज रही थी तो उसने प्रधान आरक्षक तालिब शेख के किराए के मकान में पहुंचकर पत्नी मेहु फैज और बेटी आलिया शेख की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। घटना के बाद आरोपी की तलाश के लिए आईजी द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया था। इस बीच बलरामपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि आरोपी जिले की ओर आ रहा है। ऐसे में बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर स्वयं साइबर सेल में बैठकर आरोपी को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान की निगरानी कर रहे थे। चार बजे भोर तक एसपी साइबर सेल में बैठे रहे। इस दौरान आज सुबह सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी झारखण्ड की ओर से आने वाली बालाजी बस में सवार होकर भागने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में एसपी श्री बैंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोतवाली थाने के सामने ही घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी कुलदीप साहू को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपी कुलदीप साहू को हिरासत में लिया और साइबर थाने ले गई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उन्होंने सूरजपुर पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद आरोपी को सूरजपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया जहां से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी को सूरजपुर भेज दिया गया है।

### सुरक्षित ठिकाने की...

छत्तीसगढ़ की ओर लौट आया। आरोपी किसी सुरक्षित ठिकाने की ओर भाग रहा था लेकिन बलरामपुर पुलिस ने उसे रास्ते में पकड़ लिया।

### 55 एकड़ सरकारी...

जानकारी मांगी गई है। इसमें लोन के लिए किसने आवेदन किया, कब किया, स्थल निरीक्षण रिपोर्ट के साथ ही लोन किस मद से दिया गया है, इसकी जानकारी मांगी गई है। एसडीएम की ओर से एनआईसी को भी पत्र लिखते हुए आनलाइन रिकार्ड चढ़ाए जाने और बाद में डिलिट किए जाने के बारे में रिपोर्ट मांगी गई है। । सबसे खास बात रही कि यह पूरी जमीन आनलाइन ही निजी हुई। पटवारी के रजिस्टर या मैन्यूअली कोई बदलाव नहीं किया गया जिससे की कोई पकड़ा ना जा सके। ग्रामीणों ने जब पूछताछ शुरू की तो एकाएक आनलाइन रिकार्ड से सभी का नाम हट गया और जमीन फिर सरकारी हो गई।

### शिवरीनारायण के...

दिया है। ध्यान रहे कि शिवरीनारायण कनोद गांव और गनियारी पोड़ी की दूरी लगभग 100 किलोमीटर की है। वहीं करनोद गांव का हेमंत कुमार पिता लखनलाल ने आईडीएफसी भाटापारा ब्रांच से साढ़े उन्नीस लाख का रुपए का केसीसी लोन ले लिया है।






## भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों पर सभी भारतीयों को गर्व है: बिरला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) एसेम्बली में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जिनेवा में भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने आईपीयू एसेम्बली में भारत की सक्रिय भागीदारी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह एसेम्बली न केवल भारत की संसदीय कूटनीति की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि साझा वैश्विक चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से वैश्विक संवाद में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर करती है।

बिरला ने भारतीय प्रवासियों के कौशल, प्रतिभा और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि वे देश के ब्रांड एंबेसडर हैं और वे जिस देश में भी रहते हैं, वहाँ पारिवारिक संबंधों और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं । उन्होंने कहा कि विविधता और समावेशिता ही भारतीय समुदाय की विशेषता है । जिनेवा में रह रहे भारतीय समुदाय ने अपने देश के लिए प्रेम के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था तथा सांस्कृतिक विरासत में योगदान का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**(छत्तीसगढ शासन का एक उपक्रम) (छ. रा. वि. मं. की उत्तरवर्ती कम्पनी)**
**कार्या कार्यपालन यंत्री (सं/सं ) संभाग बेमेतरा**

क्रमांक 3744/सामा./ 3595 बेमेतरा दिनांक 15.10.2024

**-:: विद्युत अवरोध की सूचना ::-**

(सं./ सं.) संभाग छ. स्टे. पॉ. डिस्ट्. कम्प. लिमि. बेमेतरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न दिनांक को 33 एवं 11 के.व्ही. फीडरों / उपकेन्द्रों में दिपावली पुर्व अति आवश्यक मेंटेनेन्स कार्य किया जाना प्रस्तावित है । अतः नीचे दिये गये तिथि अनुसार समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा । समय-सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है ।

| क्र. | दिनांक | 11 के.व्ही.फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 16-Oct-24 | 33 केवी मेहना से संबलपुर | मेहना, अमोरा एवं संबलपुर के लाईने । |
| | | 33 केवी गोढ़ीकला से नवागढ़ | धनौरा, मुरता तथा नवागढ़ की लाईने । |
| | | 33 केवी नवागढ़ से अंधियारखोर | नवागढ़, खपरी एवं अंधियारखोर की लाईने । |
| | | 33 केवी अंधियारखोर से चंदनु | मरका, सिंगपुरी एवं बाराडेरा की लाईने । |
| 2 | 17-Oct-24 | 11 केवी संबलपुर बस्ती | संबलपुर से पटनाकांपा की समस्त लाईने । |
| | | 11 केवी मारो बस्ती | मारो, सोनिकापारा एवं दोहतरा की समस्त लाईने । |
| | | 11 केवी नवागढ़ शहर | नवागढ़ उपकेन्द्र से दौनाडीह की लाईने । |
| 3 | 18-Oct-24 | 11 केवी बेलटुकरी बस्ती | बेलटुकरी, गनियारी एवं रूसे की समस्त लाईने । |
| | | 11 केवी परसदा बस्ती | परसदा, गूंजेरा एवं भोपसरा की समस्त लाईने । |
| | | 11 केवी समेसर बस्ती | छेरकापुर से बहरबोड की समस्त लाईने । |
| 4 | 19-Oct-24 | 33 केवी पुटपुरा से मारो | पुटपुरा, लालपुर एवं दोहतरा की समस्त लाईने । |
| | | 11 केवी तेन्दुवा बस्ती | रमपुरा, तेन्दुआ एवं नवलपुर की समस्त लाईने । |
| | | 11 केवी झाल बस्ती | नवागढ़ से झाल की समस्त लाईने । |
| 5 | 21-Oct-24 | 11 केवी पौसरी बस्ती | बदनारा से बोरदेही की समस्त लाईने । |
| | | 11 केवी मुंगेली बस्ती | चंदनु, रवेली एवं बुचीपुर की समस्त लाईने । |

''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचे'' ''स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए''

कार्यपालन यंत्री (संचा / संधा)
संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. बेमेतरा



**कार्यालय नगर पालिक निगम, धमतरी (छ.ग.)**

**-:: दर प्रस्ताव आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक/आयुक्त/राजस्व/2023/नि.सू./41 धमतरी, दिनांक 15/10/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम धमतरी स्वत्व/आधिपत्य की विभिन्न काम्पलेक्सों में रिक्त दुकानों को किराये पर आबंटन हेतु द्वि लिफाफा पद्धति से सील बंद लिफाफे में प्रस्ताव/दर स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. | काम्पलेक्स का नाम | दुकान क्र. | आरक्षण वर्ग | प्रीमियम राशि (सरकारी बोली प्रति दुकान) | अमानत राशि (प्रति दुकान) एफडीआर | मासिक किराया (प्रति दुकान) | लीज अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बालक चौक स्थित पुराना डाकबंगला शॉपिंग काम्पलेक्स (द्वितीय तल) | 36 से 42 | सामान्य | 1052866.00 | 263216.00 | 4220.00 | 03 वर्ष |
| | | 43 | अपिव | 1052866.00 | 263216.00 | 4220.00 | 03 वर्ष |
| | | 45 | अपिव | 772721.00 | 193180.00 | 3100.00 | 03 वर्ष |
| | | 46 से 47 | महिला | 772721.00 | 193180.00 | 3100.00 | 03 वर्ष |
| | | 50 | शि. बेरोजगार | 623329.00 | 155832.00 | 2500.00 | 03 वर्ष |
| | | 51 से 52 | अ.जा. | 521255.00 | 130313.00 | 2100.00 | 03 वर्ष |
| | | 53 | अ.ज.जा. | 521255.00 | 130313.00 | 2100.00 | 03 वर्ष |
| 02 | बालक चौक स्थित पुराना डाकबंगला शॉपिंग काम्पलेक्स (तृतीय तल) | 54 से 58 | सामान्य | 965002.00 | 241250.00 | 3860.00 | 03 वर्ष |
| | | 59 से 61 | अपिव | 965002.00 | 241250,00 | 3860.00 | 03 वर्ष |
| | | 62 | महिला | 965002.00 | 241250.00 | 3860.00 | 03 वर्ष |
| | | 63 | महिला | 765673.00 | 191418.00 | 3070.00 | 03 वर्ष |
| | | 64 | शि. बेरोजगार | 708236.00 | 177059.00 | 2840.00 | 03 वर्ष |
| | | 65 | विधवा/परित्यक्ता | 708236.00 | 177059.00 | 2840.00 | 03 वर्ष |
| | | 66 से 67 | अ.ज.जा. | 708236.00 | 177059.00 | 2840.00 | 03 वर्ष |
| | | 68 से 69 | अ.जा. | 571310.00 | 142827.00 | 2290.00 | 03 वर्ष |
| 03 | रत्नाबांधा रोड स्थित IDSMT योजना अंतर्गत निर्मित काम्प. | 14 | अ.जा/अ.ज.जा. | 274460.00 | 70000.00 | 1100.00 | 03 वर्ष |
| | | 15 | अ.जा/अ.ज.जा. | 329360.00 | 82350.00 | 1320.00 | 03 वर्ष |
| | | 16 | अ.जा/अ.ज.जा. | 274460.00 | 70000.00 | 1100.00 | 03 वर्ष |
| 04 | ईतवारी बाजार स्थित IDSMT योजना अंतर्गत निर्मित काम्प. | 06 | अ.जा./अ.ज.जा. | 365740.00 | 91435.00 | 1465.00 | 03 वर्ष |
| 05 | नगर पालिक हाई स्कूल के पीछे स्थित काम्पलेक्स | 06 | अ.जा./अ.ज.जा. | 203000.00 | 50750.00 | 850.00 | 03 वर्ष |

01. आवेदन एवं निविदा प्रपत्र शुल्क - 750.00 रू.
02. कोरा निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 21.10.2024 कार्यालयीन अवधि तक
03. निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि - 24.10.2024 कार्यालयीन अवधि तक
04. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 29.10.2024 कार्यालयीन अवधि तक
05. निविदा खोलने की तिथि - 30.10.2024 को संध्या 5:30 बजे

इच्छुक व्यक्ति दर प्रस्ताव आमंत्रण में भाग लेने हेतु निवास संबंधी आई.डी. प्रुफ एवं आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन भी की जा सकती है।

आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**जोन क्रमांक - 06**
**अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड, तृतीय तल, रावणमाठा**
**E-Mail :- rmczone6@gmail.com**

Ref. 329/Zone 6/RMC/2024-25 Raipur, Date: 14.10.2024

**EXPRESSION OF INTEREST**

**Notice Inviting Tender (NIT)**

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintenance of a 6000 sq. feet Box Cricket Stadium at Taigore Garden, **Tagore Nagar Ward 58** garden under the annual license fees model for 5 Years. The Project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet, and advertising rights on two mini unipoles. The tender fee is Rs. 5000, and an EMD of Rs. 1,00,000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from the **Town Planning Branch, Room No. 24, Raipur municipal Corporation Zone No. 06** The last date for Submission id 30/10/2024 For more information, Visit zone office.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**(ZONE NO. - 06)**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**


## राशिफल

**मेष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों का ध्यान रखें। कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी।

**वृष:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। मानसिक शान्ति के लिए प्रयासरत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**मिथुन:** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में आपसी मनमुटाव से बचें।

**कर्क:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग। कारोबार को गति मिलेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या:** आय में वृद्धि होगी। भागदौड़ बढ़ेगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक:** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। जिम्मेदारियों का विस्तार होगा।

**धनु:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**मकर:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**कुंभ:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। मन परेशान हो सकता है। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान मिल सकता है। पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान दें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5663



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5662 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ज | हा | ल | त | ■ | ■ | नि | ड | र | ■ |
| क | प | ■ | क्ष्य | ■ | आ | स | रा | ■ | मा | मा |
| ल | ■ | ■ | ही | र | क | ■ | ला | ■ | ■ | हि |
| प | रा | धी | न | ता | ■ | द | ■ | अ | सु | र |
| ना | ■ | र | ■ | लू | ट | मा | र | ■ | रै | ■ |
| ■ | सा | ज | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | सा | या | ■ |
| ■ | व | ■ | फि | त | र | त | ■ | ह | ■ | मा |
| का | न | न | ■ | ल | ■ | न | क | ब | ज | न |
| फि | ■ | ■ | व | ■ | शा | य | र | ■ | ■ | हा |
| र | वा | ■ | च | म | न | ■ | त | ■ | श | नि |
| ■ | द | म | न | ■ | ■ | रो | ब | दा | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5675

✱ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5674 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

## न भवन, न शिक्षक, स्कूल में समस्याओं की भरमार

# ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर जड़ दिया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम पीपरछेड़ी स्थित प्राथमिक स्कूल, मिडिल स्कूल व हाई स्कूल के लिए पर्याप्त भवन नहीं होने और शिक्षकों के कुल 13 पद खाली होने से नाराज स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी। बच्चों और ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बच्चों और ग्रामीणों ने 6 घंटे तक स्कूल के बाहर ताला जड़ कर धरना दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही डिप्टी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर तत्काल दो शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था की गई। वहीं, नए स्कूल भवन निर्माण को लेकर डिप्टी कलेक्टर ने शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही है।

शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला पीपरछेड़ी भागीरथी साहू ने कहा कि गांव में हाई स्कूल खुले 35 साल हो चुका है। वर्तमान में हाई स्कूल के लिए भवन नहीं है। गांव वालों ने मिल कर चंदा करके भवन बनाया था, आज वह टूट गया है। कांग्रेस सरकार में आश्वस्त किया गया था कि शाला भवन के लिए पैसे भी आ गए थे।



### दीपावली तक समाधान नहीं, तो उग्र आंदोलन

सरपंच खेमराज पूरी गोस्वामी ने बताया कि हमारे यहाँ 1984 से हाई स्कूल खुला है, लेकिन आज भी बिना भवन के बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। हम गांव वालों ने चंदा करके भवन बनाया था, लेकिन जर्जर होने के चलते वह भी टूट गया। कई बार सभी पार्टियों के नेताओं से जाकर अपनी समस्याओं से अवगत करा चुके हैं, रायपुर तक जा चुके हैं। इसके अलावा हमारे स्कूल में शिक्षकों के 13 पद खाली हैं। सरपंच ने चेतावनी दी कि यदि दीपावली तक हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो फिर से उग्र आन्दोलन करेंगे, क्योंकि यह बच्चों के भविष्य की बात है।

### भवन के लिए भेजा जाएगा रिमाइंडर

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास मार्कले ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों की समस्याएं रहती हैं, वहाँ व्यवस्था की जाती है। यहाँ भी व्यवस्था बगल के स्कूल से की गई है। एसडीएम बालोद प्रतिमा ठाकरे झा ने बताया कि दो शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। स्कूल भवन की समस्या है, उसके लिए प्रपोजल शासन स्तर पर जिला प्रशासन से भेजा गया है।

# 12 गांव के हजारों आदिवासी 15 दिन से घरों में कैद हाथियों की दहशत, फसल को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों के हजारो आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीण पिछले 15-20 दिनों से जंगली हाथियों के दल के आतंक से भारी भयभीत है और अपने जान बचाने दोपहर 3 बजे के बाद अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। हाथियों का दल प्रभावित ग्रामों मे लगातार पहुंच कर सैकड़ों एकड़ धान, मक्का, दलहन, तिलहन एवं सब्जी की फसल को बूरी तरह से नुकसान पहुंचाया है। इन ग्रामों के वरिष्ठ जन मैनपुर पहुंचकर विधायक जनक ध्रुव सोमवार को समस्याओं से अवगत कराया था और मंगलवार सुबह 10 बजे बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव मैनपुर क्षेत्र के अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित के साथ ही हाथी प्रभावित ग्राम सिहार पहुंचे सिहार पहुंचने के लिए नदी में पुल नहीं होने के कारण घुटने तक पैरी नदी को पारकर और 04 किमी मोटरसायकल चलाते हुए ग्रामीणों से मिलने पहुंचे।

### मुआवजा के साथ टॉर्च, मशाल सायरन देने की मांग की

ग्राम छिन्दौला में हाथी मित्र दल के सदस्यों ने कहा कि उन्हे 09 माह से विभाग द्वारा मजदूरी राशि वेतन नहीं मिला है और वाहन की भी सुविधा नहीं है। सरपंच घनश्याम नागेश, दुलेश्वरी नागेश, डिगेश्वरी सांडे व ग्रामीणों ने बताया प्रतिदिन दोपहर 3 बजे के बाद हाथियों का दल कोई न कोई गांव मे प्रवेश कर रहा है और हाथियों को गांव से बाहर खदेडने के लिए वन विभाग द्वारा अभीतक ग्रामीणों को टॉर्च, मशाल, मिटटी तेल, सायरन जैसे जरूरी संसाधन भी उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि इस क्षेत्र मे कई लोगों की मौत पूर्व में हाथी के हमले से हो चुकी है।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद सरायपाली, जिला - महासमुन्द (छ.ग.)
Email ID-cmonppsaraipali@gmail.com

क्रं./792/न.पा.प./ लो.नि.वि./2024-25 सरायपाली, दिनांक 14.10.2024

### ई - निविदा आमंत्रण सूचना

निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य विवरण | अनु. लागत (रु.लाख में) | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 159880 | वार्ड क्र. 01 केशव घर से भंवरपुर रोड़ तक, अनिल चौहान घर से मेन रोड तक साव किराना दुकान से शैलेन्द्र घर तक, प्रेमचंद मिर्धा घर से जदूराम बारी घर तक जयकुमारी घर से देवादी बढ़ाई घर तक, संतोष बारी घर से हेमलाल घर तक क्षमानिधि घर तक एवं रूपधर घर से नारायण बारी घर तक मनबोध घर से रतिलाल घर तक एवं मोहन घर से मित्रभानू जेरी घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 26.43 | 04-11-2024 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

**टीप** - निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, सरायपाली**

## रेलवे भर्ती सेल
## पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

**वर्ष 2024-25 के लिए खेल-कूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती**
रोजगार सूचना सं0 एनईआर/आरआरसी/एसक्यू/2024-25 दिनांकः 10.10.2024

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय | 15.10.2024, 10.00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय | 14.11.2024, 18.00 बजे |

पूर्वोत्तर रेलवे में वर्ष 2024-25 के लिए खेलकूद कोटा (खुला विज्ञापन) के अंतर्गत विभिन्न खेलों के लिए लेवल-2/3/4/5 (ग्रुप 'सी') के 21 पदों तथा लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी') के 28 पदों पर भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

विस्तृत सूचना के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in देखें।

मुजाधि/आरआरसी-4 — अध्यक्ष, रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर

## निविदा आमंत्रण विस्तृत सूचना
## कार्यालय, नगर पंचायत गुण्डरदेही, जिला- बालोद (छ.ग.)

क्रमांक /1196/लो.नि.शा./ न.प. / 2024-25 दिनांक 15/10/2024

### मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत गुण्डरदेही क्षेत्रान्तर्गत 15वें वित्त आयोग मद (अनटाईड फंड) अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा प्रपत्र-ए में बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के द्वारा तीन लिफाफा पद्धति के द्वारा निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 25/10/24 को शाम 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 28/10/24 को शाम 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 05/11/24 को दोप. 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | - | 05/11/24 को शाम 04:00 बजे तक |

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | अमानत राशि (FDR) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 07 वैष्णव मंदिर से साहड़ा एवं शिव मंदिर से साहड़ा चौक तक आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 13.200 | 10000.00 | 750.00 | 3 माह | |
| 2 | वार्ड क्र. 09 महबुब घर के सामने अकील घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 7.587 | 6000.00 | 750.00 | 2 माह | |
| | योग - | 20.787 | | | | |

**टीप:**- उपरोक्त निर्माण कार्यों की विस्तृत निविदा शर्तें कार्यालय के लो.नि.शा. से कार्यालयीन समय में प्राप्त / देखी की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाईड https://www.uad.cg.gov.in पर प्राप्त / देखी जा सकती है। इच्छुक ठेकेदारों को प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र प्राप्त करना होगा। अमानत राशि का डी.डी./एफ.डी.आर. एक लिफाफा में तथा निविदा प्रपत्र में दर भरकर पृथक लिफाफा में बंद कर दोनो लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में बंद कर कार्य का नाम, पाने वाले का नाम तथा प्रेषक का नाम/पता सहित दिनांक 05/11/2024 समय अपरान्ह 03.00 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आवेदन एवं शुल्क संबंधित दस्तावेज स्वीकार नहीं की जायेगी।

"अपने घर आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें"

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुण्डरदेही**

## कार्यालय नगर पंचायत पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
Email ID : nppakhanjore@gmail.com Phone No. 07844-231036

क्रमांक/1149/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 पखांजूर, दिनांक 15/10/2024

### मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा नगर पंचायत पखांजूर में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न वार्डो में सी.सी. रोड निर्माण, सी.सी. रोड मरम्मत, आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं भवन जिर्णोध्वार, कुल 36 कार्य लागत राशि- 142.86 लाख हेतु छ.ग. लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीकरण प्रणाली अंतर्गत सक्षम क्षेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र 'अ' में तीन लिफाफा पध्दति में मुहर बंद निविदाये स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से आमंत्रित किया जाना है आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.10.2024 शुक्रवार 5.00 बजे तक निर्धारित किया गया है। निविदा की विस्तृत विज्ञप्ति, सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से अथवा विभागीय वेब साईट www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पखांजूर**
**जिला - उ. ब. कांकेर (छ.ग.)**

# इलाज नहीं मिलने से मासूम बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नेंड्रा गांव से आज सुबह परिजन अपने बच्चे को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली पहुंचे थे। परिजन कुछ देर तक अस्पताल परिसर में बैठे रहे। मासूम को ईलाज नहीं मिलने से परिजन वहां से ले गये, जिसके बाद वन विभाग आफिस के सामने मासूम की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 8.30 बजे के आसपास नेंड्रा गांव से हरीश उयका पिता सोमलू उयका 4 वर्ष को इलाज के लिए परिजन आवापल्ली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे थे। सुबह 9 बजे के आसपास मासूम ने दम तोड़ दिया। मासूम के मौत के बाद परिजन शव को अपने घर ले गए। मृत्यु के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए भी मना किया और गांव लौट गए। पोस्टमार्टम होने पर मौत का सही कारण पता चल पाता लेकिन परिजन तैयार नहीं हुए।



# डिवाइडर से टकराई बाइक लोहे से चालक का गला कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के अंदर डीआईजी बंगला के पास टर्निंग अधिक होने के कारण बाइक चालक हर दूसरे दिन अनियंत्रित होकर एक्सीडेंट के शिकार हो रहे है। मंगलवार 15 अक्टूबर को सायं साढ़ 5 बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, उसमें लगे लोहे के पोल से चालक का गला कट गया। टकराने से दूसरे युवक के जबड़े में चोट आई, जिससे दांत टूट गए। घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुँचाया गया। जानकारी के अनुसार एक युवक बिना नंबर की मोटर सायकल से कांकेर शहर से गोविंदपुर की ओर 15 अक्टूबर की शाम को साढ़े 5 बजे के आसपास जा रहा था। डीआईजी बंगला के पहले टर्निंग पर युवक की मोटर सायकल अनियंत्रित होकर डिवाइडर की दीवाल से टकराई। वहीं युवक डिवाइडर में लगे लोहे के पोल की चपेट में आने से गले में कट का निशान लग गया। युवक की बाइक तेज होने के कारण टक्कर जबरदस्त हुई, जिससे युवक का जबड़ा भी चोटिल हुआ और दांत टूटकर गिर गए। गले में कट जाने के कारण युवक बोल नहीं पा रहा था। युवक के जेब की तलाशी लिए जाने पर युवक के मोबाइल तक नहीं मिला। युवक के पास दस्तावेज नहीं मिलने से समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। डीआईजी बंगला के संतरी में तैनात जवान सड़क में पड़े घायल युवक को किनारे किया और 108 को खबर किया।



### एक्सीडेंट रोकने के लिए पहल होनी चाहिए



घटनास्थल के पास और सामने के दुकानदारों का कहना है कि यहाँ पर जो टर्निंग है, वो बहुत खतरनाक है, उसे सीधा किया जाना चाहिए या एक्सीडेंट रोकने के लिए कोई पहल होना चाहिए। यहाँ पर हर दूसरे दिन हादसा होता रहता है। हादसा रोकने के लिए निर्माण एजेंसी और यातायात विभाग को सामने आकर कोई न कोई पहल की जानी चाहिए।

# अज्ञात हाईवा ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत काम में लगे एक अज्ञात हाइवा ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया है। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मंगलवार की शाम करीब 7 बजे कुहकुहा और मेंडरका के बीच भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रही पुलिया के पास मलबा परिवहन कार्य में लगे एक अज्ञात हाइवा ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया है। भोथली निवासी अशोक देवांगन उम्र 48 वर्ष, चरमुड़िया निवासी दिनेश यादव 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। आरही नागरची उम्र 22 वर्ष कुहकुहा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुरुद पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई कर रही है।



### सड़क हादसे में डीआरजी के जवान की मौत

**नगरी।** डीआरजी के जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई। जवान मोहित सूर्यवंशी सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम डोहलापारा का रहने वाला था। वह नगरी थाना में डीआरजी में पदस्थ था। जवान की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हसल है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम जवान ड्यूटी कर बाइक से घर वापस लौट रहा था। उसी दौरान गढ़डोंगरी और डोहलापारा के बीच रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। इस हादसे में जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नगरी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे धमतरी रेफर कर दिया गया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान मोहित सूर्यवंशी में बचपन से ही देश की सेवा करने की भावना थी। वह शुरु से ही पढ़ाई में होनहार था। लगन और मेहनत के बूते 2021 में उनका पुलिस में चयन हुआ था। गांव में नगरी एसडीओपी आरके मिश्रा सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### लेबर/मिस्त्री

**आवश्यकता है-** दाल मिल में कार्य हेतु दाल मिल का अनुभवी कर्मचारी/लेबर (कुली) दाल मिल मिस्त्री जिसको फिटर/सारटेक्स/दाल मिल चलाने का अनुभवी हो। संपर्क कन्हैयालाल संतोषकुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधान सभा रोड रायपुर- 9826141178. (RO-5970)

### कुक

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य करने हेतु इन्डियन चायनीज कुक की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पर्क करें। होटल विनार बार एन्ड रेस्टॉरेन्ट-गली नं. 1 जयस्तभ चौक मों. - 9713577672. (RO-5971)

**आवश्यकता है-** कुक चाहिए हॉस्टल नया रायपुर में 60 लोगों का खाना बनाने हेतु अनुभवी कुक चाहिए मोबाइल -9826136230.(RO-5968)

### सेल्समेन/ सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3044)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Healthcare**

## चमड़ी रोग

क्या आप कोई गंभीर चमड़ी रोगो से परेशान है जिसका उपाय नहीं मिल रहा हो, इसमे सोरियासिस एक जटिल लाईलाज रोग हैं। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं हैं। सिर मे रुंसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
निशांत अग्रवाल (फार्मासाईटिस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड़, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ)समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाइंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

### घरेलु कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने के हेतु महिला/पुरुष (ड्राइवर या कुक) चाहिए। रहने की जगह दी जाएगी। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले पति-पत्नी (बच्चे साथ में न रहते हो)। संपर्क करें 9300593000.(RO-1227)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** अनुभवी कार ड्राईवर जिसको आटोमैटिक एंव मेनुवल गाडी चलाना आता हो आदतन शराबी गुटखा वगैरह खाने वाला न हो संपर्क- मेडिकल काम्पलेक्स डुमरतराई रायपुर समय:-12 बजे मोबाइल:- 74404-10500.(RO-5972)

### सुपरवाइजर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर एंव हेल्पर कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध पता:- अशोक इंटरप्राइजेस आर्शीवाद धर्मकांटा के पास बीरगांव उरला रायुपर मों.- 8770676924.(RO-1002)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** तत्काल सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर एवं ग्राफिक्स डिजाइन (मल्टीमीडिया) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 8319001366, 9340860492. (RO-35685)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad
6263818152

### मार्केटिंग एक्जीकेटिव

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट मार्केटिंग एक्सक्यूटिव, ड्राइवर, डिजिटल मार्केटिंग, सिविल सुपरवाइजर, नर्सिंग कैरिंग स्टाफ, व्हाट्सप्प करे 8839996498 सिटी हार्ट रेजिडेंसी कैलाश विहार कैलाशपुरी (RO-A)

### सेल्समेन/पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में पैकिंग कार्य, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्समैन के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है ओम फार्मा ओल्ड मेडिकल काम्पलेक्स दुकान नंबर 38 जी.ई. रोड रायपुर छत्तीसगढ मों.- 9826176668. फोन नंबर 0771-2228312.(RO-5969)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए आठवीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करे:- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124. (RO-398)

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** फाफाडीह, रायपुर में सुबह 12 बजे से शाम तक घर की सफाई व घरेलू कार्य हेतु एक महिला एवं खाना बनाने हेतु एक महिला कुक चाहिए। रहने की सुविधा उपलब्ध । संपर्क: 9644364354. (RO-1231)

### सफाई कर्मी/कुक

**आवश्यकता है-** देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने कुक, रोटी बनाने हेतु महिला एवं ड्राइवर की। रहना, खाना फ्री। तुरन्त संपर्क करे:- मो.- 9303657790, 7970259986.(आरो न.-604)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सेल्स एक्जीकेटिव

Job Vacancy- Pharmaceutical company Casca Care Private Limited is looking for Sales Executive in Raipur, Durg, Ambikapur, Dhamtari & Jagdalpur. Salary 20000 +TA/DA +Compan Equity Shares. Salary is Negotiable for experienced candidates. Age Limit: 36 years. Qualification: Graduate. +91-7724981439 Interview: 20-10-2024, Hotel Simran Heritage Pvt. Ltd. Station Road, Raipur, Chhattisgarh. Time- 11:00 am to 4:00 pm (RO-3048)

### अन्य

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर 30,000 से 40,000 हजार रुपए मासिक आय सेल्समैन लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है (शिक्षित/ साक्षर एवं अशिक्षित योग्यतानुसार संपर्क :-7024797456 मिलने का समय सुबह 10:30 से 12:30 तक। (RO-3762)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस** - पेंशनर लोन, होम लोन, सिर्फ सरकारी कर्मचारी हेतु सभी नेशनल बैंक से उपलब्ध। केवल बैंक सर्विस 7 दिनो में । संपर्क:- Mr.-NITIN SAVDEKAR (SR. AUDITOR) Behind- A/63 Karmchari nagar, सिकोलाभाठा दुर्ग मो.- 9409188678, 8319450882.(आरो न.-603)

## Business व्यापार

**व्यापार**- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

## Education शिक्षण

**मेडिकल प्रवेश-** 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6387)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

लोक साहित्य
डा. व्यास नारायण दुबे

## नागवंशी बोली और उनका प्रभाव क्षेत्र



नागवंशी जनजाति के लोग विशेषकर पहाड़ियों तथा जंगलों से घिरे हुए स्थानों पर जहां नदी नाला उपलब्ध हो वहां निवास करती हैं। नागवंशी जनजाति के लोग छोटा नागपुर स्थित रांची जिले के गुमला तहसील में तथा छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के जशपुर नगर, धर्मजयगढ़, घरघोड़ा तहसीलों में और सरगुजा जिले के सीतापुर तहसील में निवास करते हैं। नागवंशी जनजाति अपने को शेषनाग का वंशज मानती है। यह हिन्दू धर्म के कट्टर अनुयायी हैं। वर्तमान में सरगुजा जिला स्थित नागवंशी जाति के लोग सरगुजिया बोली का व्यवहार करते हैं, जो छत्तीसगढ़ी जनभाषा की एक क्षेत्रीय बोली है। विद्वानों के अनुसार नागपुरी मुख्यतः नागवंशियों की भाषा रही है। छोटा नागपुर क्षेत्र में नागवंशी राजा महाराजाओं का शासन प्राचीन काल से रहा है। आज भी भूतपूर्व नागवंशी राजाओं तथा जमीदारों के यहां नागपुरी का प्रयोग धड़ल्ले से किया जाता है। पहले इन लोगों के यहां नागपुरी राजभाषा के रूप में प्रयुक्त होती थी। आज भी अधिकांश नागवंशी जमींदार आपसी पत्र व्यवहार नगपुरिया के माध्यम से ही करते हैं। नागपुरी को नागवंशियों का संरक्षण प्राप्त हुआ, अतः यह नागपुरिया कहलाई।

ऐतिहासिक
ललित शर्मा

## अनेक महत्व का स्थल करबा करबिन टीला





सिरपुर से लगभग 5-6 किलोमीटर दक्षिण में मुख्य मार्ग से लगभग आधे किलोमीटर पर करबीन तालाब है। छत्तीसगढ़ी में थर्ड जेंडर को कहा जाता है। अनुमान है सिरपुर राजधानी में इनके निवास की व्यवस्था आम रिहायशी इलाकों से अलग रही होगी। या इनके निवास स्थान पर तालाब का निर्माण दैनिक क्रियाकलापों हेतु कराया गया होगा जिसके कारण तालाब का नाम करबिन तालाब रखा गया होगा। यहां यह भी अनुमान लगाया जाता है कि यह स्थान सिरपुर राजधानी के मुख्य प्रवेश द्वार सेनकपाट के समीप है तथा इन लोगों को राज्यातिथियों के स्वागत की दृष्टि से बसाया गया होगा। मुख्य मार्ग से इस स्थान तक जाने के लिए मार्ग नहीं है। यहां तक पैदल ही जाना होता है। पूरा इलाका घने जंगलों से युक्त है। इस तालाब में कमल और कुमुदनी के खिले फूल दिखने में आकर्षक लगते हैं। घने जंगलों का स्थान होने के कारण दूर तक देखना कठिन होता है। अधिकतर पर्यटक कठिन स्थान होने के बावजूद भी प्रकृति के इस दृश्य को देखने जोखिम उठाकर पहुंचते रहते हैं।

## पुस्तक समीक्षा

## केजा




कृति के नाव
केजा
कृतिकार
तुलसी देवी तिवारी
प्रकाशक
अंजली ग्राफिक्स
पुस्तक समीक्षा
डा.राघवेन्द्र कुमार दुबे
मूल्य
सौ रुपिया

लेखक के छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह "केजा" म इनखर दस कहानी संघराय हावय । इन कहानी मन के ये खूबी हे के एमा के कइयो कहानी हर आंचलिकता के बाना पहिरे छत्तीसगढ़ के नारी परानी के दुख पीरा ल अबड़ सहज भाषा शैली म व्यक्त करे म सफल होय हे जेन हर पढवइया मन ल आखिरी तक बांधे रहिथे । जैइसे पहिली लइका अती मयारू होथे, ओइसनहे पहिली किताब घलो बड़ साध के होथे । लेखक के मानना हे कि मातृभाषा मां रचना करे के साध मन म मैं बियाकुल असन रहेंव । वो कलकुत म केजा, वीरस, गंगा, लोटन, परलोकिन, मन सो भेंट होवत गइस ।अमन के लापरवाह हिम्मत, जिये के ढंग ल देखके, जइसे बरसे दीया ले अंजोर होथे,वइसनहे ये कहिनी मन के जनम होइस । छत्तीसगढ़ी नारी परानी के सुतंत्र व्यक्तित्व ल सिद्ध करवइया जियत जागत,हांसत खेलत,लड़त- भीड़त,दया- मया के धार म बोहावत, अऊ रिस्य ले काली बरोबर सकल जहान ला नवा करे बर तियार । " केजा " कहानी संग्रह म संघराय कहानी -- जुन्ना कुरथा, पूजा,आये रहेंव, हरि भजन बर ,मड़वा के पीढ़वा, दंतली, जहाँ ले चलिस गंगा, केजा,मोर दाई, वीरस,अउ मया के बिरवा।

भुंजिया जनजाति में कांडा या प्रतीक विवाह करने का प्रचलन हैं । इनकें सामाजिक व्यवस्था में कुवांरी कन्या का रजस्वला होना पवित्र नहीं माना जाता अतः वें कुवांरी कन्याओं का रजस्वला आरम्भ आरम्भ होने के पूर्व उनका कांडा विवाह तीर या बाण से कर यह मान्यता देते है कि कन्या का विवाह हो चुका है। ऐसी कन्याएं रजस्वला काल के बाद पवित्र स्नान कर लाल बंगला में प्रवेश कर पाती है ।



# भुंजिया जनजाति की संस्कृति का अहम हिस्सा है कांडा विवाह



जनजाति विशेषः दिनेश वर्मा

कांडा विवाह दो दिवस का होता है प्रथम दिवस मान्य भूमियार देवी-देवताओं का सेवा जोहार करतें है और विवाह में सूक्ष्म रूप में सम्मिलित होने का आव्हान करतें है ताकि इस विवाह में देवगण साक्षी रहें । इस दिन देव आव्हान के बाद सभी रात भर मंडवां जागतें है । इस दौरान वें भुंजिया गीत ,भड़ौनी गीत व पारंपरिक छत्तीसगढ़ी विवाह गीत गाती है जो मौखिक काव्य के रूप में बुजुर्ग महिलाओं की स्मृति में संग्रहित होता है । जिस कन्या का कांडा विवाह करना होता है ,उसे पहले सफेद साड़ी पहनाया जाता है फिर उसके सिर पर छिंद वृक्ष के पत्तों का पारम्परिक मौर ( मउर) बनाकर बाँधा जाता है । वर के रूप में तीर या बाण को भी मौर बाँध कर तीर को कन्या के दाहिने हाथ मे पकड़ाया जाता है क्योंकि धर्मशास्त्र के अनुसार पत्नी वामअंग माना जाता है । कन्या और तीर पर हल्दी चढ़ाया जाता। कन्या तीर के साथ सात फेरे लेती है । दुतीय दिवस तीर और कन्या (वर -वधु) को घर के बाहर गली में दोनों को एक चादर की दीवार बनाकर एक-एक तरफ खड़ा कर महिलाएं भुंजिया गीत गाती है । तीर या बाण को लेकर भुंजिया समाज का एक युवक चादर के दूसरी ओर खड़ा होता है इसके बाद कन्या को तीर के पास भेज दिया और कांडा विवाह का रस्म पूरी हो जाती है ।



**कांडा विवाह का उद्देश्यः** कांडा विवाह का मुख्य उद्देश्य यौन स्थिति में आने से पहले समाज के नियम कानून लड़कियों पर लागू करने के लिए किया जाता है। लोग मानते है की जितनी जल्दी लड़कियों को समाज के नियम क़ानून सिखाए जाए, उतना अच्छा होता है; छोटी उम्र में नियम कानून सिखाने से लड़कियाँ जल्दी सीख जाती हैं। इस विवाह के बाद लाल बंगले से संबंधित नियम कानून भी उस पर भी लागू हो जाते है। कांडा विवाह नहीं करने से उस लड़की की शादी समाज में नहीं हो सकती, इसलिए कांडा विवाह करना बहुत आवश्यक है।

# आदिवासी संस्कृति में पेन गायंता

संस्कृतिः डा. किरण नुरूटी

छत्तीसगढ़ के आदिवासी संस्कृति में पेन गायंता का अर्थ गोत्र देवता का पुजारी होता है। इसे पेन बडडे या पेन धुरवा भी कहा जाता है। बस्तर के गायंता भोले भाले किन्तु दयालु लोग होते हैं, जिनका अधिकांश जीवन खेतों और वनों में बीतता है। किन्तु इसका चुनाव उत्तराधिकारी क्रम से होता है। यह मानव रहस्यों के बीच एक माध्यम का कार्य करते हैं। यह साधक प्रकृति से आत्म संयमी होते हैं। सभी ग्राम पुजारी (गायंता) उस समय उपवास भी रखते हैं जब गांव में कोई बड़े उत्सव की तैयारी हो रही होती है। कभी कभी उनके यह उपवास व आत्म संयम की अवधि एक सप्ताह तक चलती है। जब किसी गायंता की मृत्यु हो जाती है तो उसकी जगह कोई दूसरा गायंता तुरंत नियुक्त नहीं किया जाता।



पूर्वी कोंडागांव क्षेत्र में सबसे बड़ा पुत्र गायंता पद का उत्तराधिकारी होता है, पर वह अपना पद तब तक नहीं संभाल सकता, जब तक उसे स्वप्न में ऐसा करने को देवता आदेश न दे। प्रदेश के अन्य भागों में मृत गायंता के पुत्र या भाई की नियुक्ति के पूर्व शिकार खेलने की रस्म अदा की जाती है। मृतक व्यक्ति का नाम लेकर पूरा गांव शिकार खेलने जाता है जो शिकार मिलता है उसी से शगुन विचारे जाते हैं। अगर खरगोश मारा जाए तो मृतक अपने पुत्र एवं भाई को पसंद नहीं करता है और परिवार के बाहर का कोई व्यक्ति गायंता बनाया जाए। अगर नर जानवर मिले तो मृतक की इच्छा अन्य व्यक्ति उस पद को संभाले। यदि मादा हिरण या सांभर मिले तो भाई या बेटा उसके पद का उत्तराधिकारी बनने योग्य है। अगर लोगों को इन जानवरों में से कोई नहीं मिलता तो वे पूरे दिन व्रत रखते हैं। शाम को अपने घरों से बाहर खाना बनाते और खाते हैं तथा अपनी पत्नियों से दूर सोते हैं। वे तीन दिन तक रोज शिकार पर निकलते हैं। अगर इस अवधि में वे एक या अधिक शिकार मारने में सफल हो जाए तो नया गायंता अपना दायित्व संभाल लेता है, अन्यथा एक वर्ष के इंतजार के पश्चात पुनः यही प्रक्रिया होती है।

सुरता
डा. रामकुमार बेहार

## उपलब्धियों से भरा रहा प्रसन्न मात्र का शासन काल

नरेंद्र के पश्चात प्रसन्न मात्र गद्दी पर बैठा। इसका नरेंद्र के साथ क्या संबंध था, स्पष्ट रूप से ज्ञात नहीं है। प्रसन्न का पुत्र महाजयराज तथा पौत्र महासुखदेवराज था। प्रसन्न मात्र ने सोने के सिक्के चलाए थे। सोने के सिक्के किसी भी राज्य तथा राजा की समृद्धि के सूचक होते हैं। दक्षिण कोसल उस समय समृद्ध था, यह सिक्कों से प्रमाणित होता है। उड़ीसा के कटक क्षेत्र से लेकर महाराष्ट्र के चांदा तक के क्षेत्र से प्रसन्न मात्र के सोने के सिक्के प्राप्त हुए हैं। डा. श्यामकुंवर पांडेय मल्हार स्थित टकसाल से इन्हें निर्मित मानते हैं। पेटिका शीर्ष लिपि का प्रयोग हुआ है। सिक्कों के ऊपरी भाग के केन्द्र में गरुड़ तथा दोनों किनारों पर शंख और सिक्कों पर चक्र का अंकन किया गया है। नीचे के भाग में श्री प्रसन्न मात्र लिखा हुआ है। यह भी ज्ञात होता है कि प्रसन्न मात्र का शासन काल वैभव, समृद्धि और प्रगति का रहा होगा। सिक्के अपने आप में इतिहास की रचना में बहुत बड़ा हिस्सा लेते हैं। गुप्तों का इतिहास सिक्कों ही के कारण उनकी जानकारी संबंधी स्त्रोतों में चार चांद लगा देते हैं। एक सौ सोलह से अधिक सिक्के प्रसन्न मात्र के मिले हैं। प्रसन्न मात्र ने शरभ और नरेंद्र की भांति गुप्तो की नाम मात्र की अधीनता स्वीकार कर रखी थी। इतिहासकारों ने उनका कार्यकाल 525 -550 ई. बतलाया है।



लोक नाट्य
डा. संतराम देशमुख

# काफी लोकप्रिय हुए लोक नाट्य गम्मतिहा



छत्तीसगढ़ी नाटक के रूप में अपनी प्रस्तुति से जन जन को भाव विभोर करने में गम्मतिहा नाटक ने अपार सफलता अर्जित की। इनके कथानक दिल की छू लेने वाले थे। आम आदमी की जंगल के प्रति, प्रकृति के प्रति पारिवारिक दृश्यों का समावेश इस लोक नाट्य में देखने को मिलता है। आदिवासी अंचल के अनेक कलाकारों को छत्तीसगढ़ी लोक मंच से जोड़ने , दर्शकों को अपने कथ्य, भावविभोर कर अंतिम दृश्य तक उत्तेजित करने का काम इस लोक नाट्य की जनप्रियता का सबूत है। मंच के प्रति कलाकारों के सम्पूर्ण समर्पण की कहानी है गम्मतिहा में। वह भांति भांति के कष्ट पाता है लेकिन अपने उद्देश्य से विरत नहीं होता। लोक मंच ही उसका धर्म है और अपने धर्म कर्म के प्रति वह पूर्ण जागरूक है, वह मंच के लिए मर मिटता है। दर्शक उसकी भावना से भली भांति परिचित है कि वह मर जाएगा लेकिन मंच और दर्शकों के प्रति समर्पण अपनी ईमानदारी नहीं छोड़ता। इस नाटक में लोक कला पर हावी होने वाले दलालों पर बड़ा गहरा प्रहार किया गया है जो गरीबी से त्रस्त किन्तु तबीयत से मस्त लोक कलाकार चाहे जिस होशियार शहरी से ठगे जाते हैं। कुछ दलाल ऐसे हैं जो मालामाल होकर धन भी कमाते हैं और नाम भी। ऐसे दलालों का बखूबी चित्रण लोक नाट्य को गंभीर बनाने के लिए काफी हो जाते हैं। दीपक चंद्राकर और उनकी टीम ने काफी मेहनत की है कि लोक लोक नाट्य में जान फूंकने के लिए।



# आजादी के 78 साल में कनाडा पश्चिम का पहला विकसित देश, जिससे भारत ने तोड़े राजनयिक

# ट्रूडो काल में सामान्य संबंधों के आसार नहीं 'फाइव आइज' देशों संग प्रभावित होंगे रिश्ते

*भारत द्वारा नई दिल्ली और कनाडा से की गई राजनयिकों की वापसी के मामले पर हरिभूमि से बातचीत*

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर से जुड़े विवाद को लेकर बीते सोमवार का दिन भारत और कनाडा के द्विपक्षीय व कूटनीतिक संबंधों के लिहाज से सबसे खराब साबित हुआ। देश की आजादी के 78 वें साल में पश्चिम का पहला विकसित देश कनाडा बना। जिससे भारत ने अपने राजनयिक संबंध तोड़ लिए। इसके पूर्व में एशिया में पाकिस्तान और चीन के साथ कूटनीतिक रिश्तों में खटास का इतिहास रहा है। विदेश मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत-कनाडा के संबंधों में आई गिरावट का ये सिलसिला यहीं थमने वाला नहीं है। क्योंकि जब तक कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार रहेगी। तब तक खालिस्तान समर्थक आतंकी भारत के खिलाफ आग उगलते रहेंगे और उसकी संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के लिए चुनौती पेश करते रहेंगे। जिससे आपसी संबंध पटरी पर नहीं लौट सकते। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में कनाडा के अलावा उसके 'फाइव आइज' समूह में शामिल देशों के साथ भारत के संबंधों यानी सामरिक साझेदारी पर आंच आ सकती है। विशेषज्ञ इस पूरे घटनाक्रम को अमेरिका की भारत पर दबाव बनाने की नीति के रूप में भी देख रहे हैं।

अलग खबर



## 2025 में संबंधों में सुधार की उम्मीद

पूर्व राजदूत अशोक सज्जनहार ने बताया कि कनाडा को लेकर भारत का निर्णय संबंधों में गिरावट का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इतिहास में देखें तो अभी तक हमने केवल पाकिस्तान और चीन के साथ अपने कूटनीतिक संबंध तोड़े हैं। पाकिस्तान के साथ कई मौकों पर ये किया गया। लेकिन चीन के साथ 1962 के युद्ध के बाद भारत ने अपने राजदूत को स्वदेश वापस बुला लिया था। इसके करीब डेढ़ दशक बाद 1976 में पुनः भारतीय राजदूत की बीजिंग में नियुक्ति की गई थी। भारत के मौजूदा कदम से कनाडा के साथ उसके संबंधों में काफी गिरावट आई है। लेकिन मुझे लगता है जब तक ट्रूडो की वहां सरकार रहेगी। तब तक सामान्य संबंधों की उम्मीद करना बेमानी है। हां, अगले साल कनाडा में चुनाव के बाद कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार आने के बाद हालात सुधर सकते हैं। क्योंकि इनकी पार्टी ट्रूडो के मुकाबले संतुलित रुख रखती है।

## 'फाइव आइज' देशों से प्रभावित होंगे संबंध

*विदेश मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने कहा, कनाडा द्वारा खालिस्तानियों को दिया जा रहा राजकीय समर्थन भारत के इस सटीक निर्णय की सबसे बड़ी वजह है। इससे न केवल भारत और कनाडा के कूटनीतिक संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बल्कि फाइव आइज समूह देशों के साथ भी हमारे रिश्ते खासतौर पर सामरिक संबंध प्रभावित हो सकते हैं। फाइव आइज को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने मिलकर गठित किया था। मौजूदा दौर में कनाडा के अलावा इन सभी देशों में खालिस्तानी चरमपंथी गतिविधियों में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।*

### अमेरिका की दबाव की रणनीति

*विदेश मामलों के विशेषज्ञ कमर आगा ने बताया कि वो इस पूरे मामले को दो तरह से देखते हैं। इनमें अब यह भारत-कनाडा नहीं बल्कि भारत बनाम जस्टिन ट्रूडो हो गया है। वो ही खालिस्तानियों के कट्टर समर्थक हैं। दूसरी ओर मुझे इस समूचे घटनाक्रम के पीछे अमेरिका का हाथ लगता है। क्योंकि वो जिसे अपना दोस्त (भारत) बनाता है। उसके पीछे एक दुश्मन जरूर छोड़ देता है। ये उसकी दबाव बनाने की पुरानी नीति है। जिसके घेरे में अब वो भारत को लाना चाहता है।*

## भाजपा पर अपमान करने का आरोप

# विपक्षी सांसदों ने जेपीसी बैठक का किया बहिष्कार



**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के कई सांसदों ने वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक का बहिष्कार किया। सदस्यों ने भाजपा के एक सदस्य पर अपमाजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी दावा किया कि समिति नियमों के अनुसार कार्य नहीं कर रही है। इसको स्वीकार्य नहीं किया जा सकता। मंगलवार को हुई संसदीय समिति की बैठक में शामिल कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत समेत विपक्षी सदस्य नाराज होकर बाहर चले गए थे। हालांकि, करीब एक घंटे तक दूर रहने के बाद कई विपक्षी सांसद फिर बैठक में शामिल हो गए। हालांकि, भाजपा सदस्यों ने दावा किया कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को अपशब्द कह रहे थे। यह लगातार दूसरा दिन है जब विपक्षी सदस्य मतभेदों के कारण बैठक से उठकर चले गए। बता दें, समिति देशभर में लोगों से वक्फ विधेयक को लेकर सुझाव मांग रही है। विभिन्न शहरों में हितधारकों के साथ चर्चाएं कर रही है। इससे पहले, वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के लिए सोमवार को एक बैठक हुई थी।

## बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में दो और गिरफ्तारी

# षड्यंत्र में शामिल पुणे का कबाड़ी हरीश व शूटर का भाई अरेस्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और तीन बार के विधायक बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मुंबई पुलिस ने दो और गिरफ्तारी कर ली है। पुलिस ने यूपी के बहराइच के रहने वाले हरीश कुमार बालकराम (23) को गिरफ्तार किया है। वो पुणे में कबाड़े की दुकान चलाता है। धर्मराज कश्यप और शिवप्रसाद इसी की दुकान पर कबाड़े का काम करते थे। हरीश बाबा सिद्दीकी को मारने के षड़यंत्र में शामिल था। उसने उन शूटर्स की हर तरह से मदद की, जिन्होंने बाबा सिद्दीकी को गोलियां मारी थीं। हरीश के साथ ही पुलिस ने बहराइच के एक और शख्स को हिरासत में लिया है। उसका नाम अनुराग कश्यप है, जोकि शूटर धर्मराज कश्यप का सगा भाई है। जानकारी के मुताबिक, पुणे में कबाड़े की दुकान चलाने वाले हरीश ने बाबा सिद्दीकी का मर्डर करने वाले शिवप्रसाद और धर्मराज को कुछ ही दिन पहले नया मोबाइल खरीद कर दिया था।



### लॉरेंस गैंग ने ली है हत्या की जिम्मेदारी

बाबा सिद्दीकी की हत्या करने की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। हरियाणा के कैथल के रहने वाले गुरमैल सिंह, यूपी के बहराइच के रहने वाले धर्मराज कश्यप और शिव कुमार ने बाबा सिद्दीकी पर गोलियां चलाई थीं। इस मामले में पुलिस ने गुरमैल सिंह और धर्मराज कश्यप को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में जीशान, शुभम लोनकर और शिव कुमार फरार हैं। हालांकि पुलिस शुभम लोनकर के भाई प्रवीण को गिरफ्तार कर चुकी है।

## शांति सैनिकों के लिए 'गंभीर चिंता' में संरा सुरक्षा परिषद

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में व्यापक युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी कर उन्हें घायल करने की घटना पर 'गंभीर चिंता' व्यक्त की और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अपना समर्थन दोहराया। पिछले सप्ताह शांति सेना 'यूनिफिल' के ठिकानों पर इजराइल द्वारा किए गए हमलों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई थी और संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय द्वारा इस हमले के बाद दिया गया यह पहला बयान है। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ज्यां-मैरी लैक्रोइक्स ने पत्रकारों को बताया कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सोमवार को पुष्टि की है कि शांति सैनिक अपने सभी तैनाती स्थलों पर बने रहेंगे। इजराइल ने लेबनान में जमीनी हमलों के दौरान शांति सैनिकों से पांच किलोमीटर उत्तर की ओर जाने का आग्रह किया है।

## इमरान की पार्टी ने खत्म किया पाकिस्तान में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने मंगलवार को अपना विरोध प्रदर्शन खत्म कर दिया क्योंकि यहां शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की 23वीं बैठक कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होने जा रही है। दो दिवसीय बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार, पर्यावरण और सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में जारी सहयोग पर चर्चा की जाएगी तथा संगठन के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। पाकिस्तान ने अक्टूबर 2023 में बिश्केक में आयोजित पिछली बैठक में 2023-24 के लिए एससीओ के भीतर दूसरे सर्वोच्च मंच एससीओ सीएचजी की, चक्रीय (रोटेशन) व्यवस्था के तहत अध्यक्षता ग्रहण की।


**पूर्व तट रेलवे**

फाइल सं. DRM/Engg/KUR/24-25/ E-Tender/68, दिनांक : 07.10.2024

(1) निविदा सं. eTender-HqKUR-213-2024, दिनांक : 30.09.2024

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के मण्डल अभियन्ता (मुख्यालय) के अधीन 30 संख्यक घुमाव (Curve) स्थानों पर ट्रैक माउंटेड ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर की आपुर्ति एवं संस्थापन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 262.83 लाख, EMD : ₹ 2,81,400/-

(2) निविदा सं. eTender-SouthKUR-216-2024, दिनांक : 30.09.2024

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के मण्डल अभियन्ता (साउथ) के अधीन 80 संख्यक घुमाव (Curve) स्थानों पर ट्रैक माउंटेड ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर की आपुर्ति एवं संस्थापन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 700.88 लाख, EMD : ₹ 5,00,400/-

पूरा होने की अवधि: 60 (साठ) महीने (दोनों क्रम सं. हेतु)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 21.10.2024 को 1500 बजे (दोनों निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), खोरधा रोड

PR-622/P/24-25



**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

// सर्व संबंधित को सूचना //

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा-संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स अकोलडीह खपरी लाईम स्टोन (लो ग्रेड) क्वारी माईनिंग (प्रो. मोहम्मद अल्ताफ), ग्राम- अकोलडीह, तहसील - आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा क्रमांक- 427/1-2, 428, 429, 430, 431, 432, 433, 453, 454, 455 / 1-2, 456, 458, 459, 461, 463, 465, 482 एवं 483 कुल क्षेत्रफल- 4.09 हेक्टेयर में प्रस्तावित आवेदित उत्खनन क्षमता- 39,814.5 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत लोक सुनवाई दिनांक 16/10/2024 को प्रातः 11:00 बजे से स्थल- परियोजना मेसर्स अकोलडीह खपरी लाईम स्टोन परिसर स्थित रिक्त भूमि खसरा नं. 339- तहसील- आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) में नियत की गई थी, जिसे कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 102 / अ.जि.द. / स्टेनो / 2024 रायपुर, दिनांक 14.10.2024 के अनुक्रम में अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित किया जाता है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)



**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, सिलतरा**

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्माननीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सिलतरा संभाग अंतर्गत 33/11 के.व्ही फिडरों में अति आवश्यक सुधार एवं नवीन लाईन निर्माण कार्य किये जायेंगे, जिसके कारण दिनांक 16.10.2024 दिन बुधवार को समय सुबह 08:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। जिसके कारण प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिन | फीडर | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बुधवार | 11 के.व्ही सोण्डरा फीडर | सुबह 11 से शाम 05 बजे | औद्योगिक क्षेत्र सोण्डरा |
| 2 | | 11 के.व्ही. अविनाश फीडर | | एस. के. एस रोड औद्योगिक क्षेत्र |
| 3 | | 11 के.व्ही पठारीडीह फीडर | | ग्राम - बहेसर एवं मुरेठी |
| 4 | | 11 के.व्ही धनेली फीडर | | ग्राम-धनेली |
| 5 | | 11 के.व्ही सिलतरा फीडर | | ग्राम - सिलतरा |
| 6 | बुधवार | 33 के.व्ही जोरावर 33 के.व्ही सी.जी. ईस्पात, 33 के.व्ही हनुमान, 33 के.व्ही नंदन, 33 के.व्ही मेटालिक एलायस, 33 के.व्ही न्यू ड्रोलिया एवं 33 के.व्ही कृष्णा स्टील फीडर | सुबह 08 से शाम 06 बजे | संबंधित फीडर से विद्युत आपूर्ति प्राप्त समस्त औद्योगिक उपभोक्ता, औद्योगिक क्षेत्र फेस-दो सिलतरा |
| 7 | बुधवार | 33 के.व्ही सुनील स्पंज एवं 33 के.व्ही गोपाल स्पंज फीडर | सुबह 11 से शाम 06 बजे | संबंधित डेडिकेटेड औद्योगिक उपभोक्ता |

विद्युत संबंधित शिकायतें केन्दीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं। "असुविधा के लिए खेद है"

कार्यपालन अभियंता(सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. सिलतरा



**वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन, कार्यालय-बालोद वनमंडल बालोद**

// नीलाम का संक्षिप्त सूचना //

सर्व साधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि बालोद वनमण्डल के शासकीय काष्ठागार एवं विभिन्न डिपो में संग्रहित ईमारती, जलाऊ काष्ठ एवं बांस का निम्नांकित वर्णन के अनुसार दिनांक 28/10/2024 को नीलाम व्दारा निर्वतन किया जावेगा। इच्छुक क्रेता नीलाम में भाग ले सकते है। नीलाम की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिक हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व वनोपज का निरीक्षण करने के पश्चात ही बोली लगावे।

नीलाम तिथि - 28/10/2024
स्थान - बालोद काष्ठागार डिपो
समय - प्रातः 9:00 बजे

| क्र. | प्रजाति | नयी काष्ठ | | | गत अविक्रित काष्ठ | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 30.968 | 423 | 382 | 97.513 | 411 | 897 | 128.481 | 834 | 1279 |
| 2 | बीजा | 0.000 | 2 | 6 | 101.709 | 1 | 0 | 101.709 | 3 | 6 |
| 3 | साजा | 4.567 | 0 | 0 | 9.740 | 0 | 0 | 14.307 | 0 | 0 |
| 4 | मुण्डी | 0.000 | 0 | 0 | 4.701 | 0 | 0 | 4.701 | 0 | 0 |
| 5 | कसही | 3.585 | 0 | 0 | 0.475 | 0 | 0 | 4.060 | 0 | 0 |
| 6 | धावड़ा | 0.000 | 8 | 11 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 8 | 11 |
| 7 | कर्रा | 0.067 | 509 | 105 | 19.777 | 0 | 0 | 19.844 | 509 | 105 |
| 8 | मोदे | 0.325 | 5 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.325 | 5 | 0 |
| 9 | अन्य | 10.530 | 11 | 36 | 0.377 | 0 | 0 | 10.907 | 11 | 36 |
| | योग- | 50.042 | 958 | 540 | 234.292 | 412 | 897 | 284.334 | 1370 | 1437 |
| 10 | जलाऊ चट्टा | 3 चट्टा | | | 0.5 चट्टा | | | 3.5 चट्टा | | |
| 11 | व्यापारिक बांस | 4855 नग = 9.793 नो.टन. | | | 29670 नग = 72.499 नो.टन. | | | 34525 नग = 82.292 नो.टन. | | |
| 12 | राजसात वाहन क्रमांक CG-07 M 7720 मारूती वेन 01 नग, परिक्षेत्र डौण्डी | | | | | | | | | |

टीप-1. किसी भी व्यक्ति को नीलाम में किसी भी लाट के लिये बोली लगाने की अनुमति तब तक नही दी जावेगी जब तक की उसने शर्तो का पालन करने के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर हस्ताक्षर न कर दिये हो।
2. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है उसके 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- इसमें जो भी अधिक हो जमा करना अनिवार्य है।
3. नियमानुसार समस्त क्रेताओं को नीलाम में विक्रय मूल्य के विरूद्ध 25 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। यदि किसी क्रेता द्वारा किसी कारणवश विक्रय मूल्य की 10 प्रतिशत राशि ई.एम.डी. के रूप में जमा की जाती है तो उसे 07 दिवस के भीतर शेष 15 प्रतिशत राशि जमा करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वनमंडलाधिकारी, स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र प्रस्तुत नही करने पर जमा 10 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि शासन के पक्ष में राजसात कर लाट निरस्त कर दी जावेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्रेता की होगी।
4. ई.एम.डी. में राष्ट्रीयकृत बैको के मल्टीसिटी चेक ऐसे समस्त राष्ट्रीयकृत बैक जो कि संबंधित वनमंलाधिकारी के मुख्यालय पर स्थित हो, से संबंधित वनमंडलाधिकारी के नाम से जारी होगा, स्वीकार किया जावेगा।
5. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व विनिर्माता / उपभोक्ता / व्यापारी का पंजीयन प्रमाण पत्र (वर्ष 2024) एवं जी.एस.टी. एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा, ततपश्चात ही बोली में भाग लेने दिया जावेगा,
6. जी.एस.टी./ आयकर राशि का भुगतान पृथक से संबंधित "**वनमंडल अधिकारी**" के नाम से बैक ड्राफ्ट/चेक जो बालोद में देय हो तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

वनमंडलाधिकारी
बालोद, वन मंडल बालोद (छ.ग.)

G- 242503191/4



**वन मण्डल अधिकारी कांकेर (सामान्य) वन मण्डल कांकेर**

Phone-07868-222006, Fax-07868-222171, 222173
E-mail: dfoknk@rediffmail.com

// आवश्यक सूचना //

श्री विकास कुमार मंडावी वनरक्षक, पिता- स्व. श्री शंकर लाल मंडावी, ग्राम- ढेकुना, पोष्ट- जुनवानी, तहसील- नरहरपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग. एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 01.07.2024 से परिसर - जलिनकसा परिक्षेत्र कोरर से अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। इस संबंध में कार्य पर उपस्थित होने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्र./स्था./10078, दिनांक 29.07.2024,व.म.अ. कांकेर का पत्र क्रमांक/स्थापना /2024/10938 दिनांक 17.09.2024 द्वारा परिक्षेत्र अधिकारी कोरर के माध्यम से भेजा गया था जिसका आपके द्वारा प्राप्ति अभिस्वीकृति दिया गया है। परन्तु आज दिनांक अपने कर्तव्य पर उपस्थित नही हुये। आपका यह कृत्य आचरण नियम 1965 के विपरित है।

अतः आप अपने कर्तव्य पर तत्काल उपस्थित होवे एंव अनुपस्थिति रहने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र 07 दिवस के अंदर कारण बताये कि क्यो न उनकी उक्त अनाधिकृत अनुपस्थित को सेवा में व्यवधान मानते हुये पेंशन उपादान अदि समस्त उद्देश्यों के लिये सेवा पुस्तिका में इंद्राज किया जाये। तथा छ. ग. सिविल सेचा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथ अपील) नियम 1966 के प्रावधानो के साथ दीर्घशास्ति किये जावे। अन्यथा यह मानते हुये आपको इस संबध मे कुछ नही कहना है एक पक्षीय कार्यवाही कि जावेगी।

वनमण्डलाधिकारी,
कांकेर वनमण्डल कांकेर

G- 242503190/2



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 159800/ निविदा सूचना क्रमांक 03/ वलेलि / 2024-25 दिनांक 15.10.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 05.11.2024 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

**कार्य का नाम :** दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम के झोड़ियाबाड़म नदी पर एनीकट निर्माण कार्य। (जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत

**अनुमानित लागत :** रूपये 384.24 लाख
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.10.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित /पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, दंतेवाडा
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-242503172/4



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

**सिस्टम निविदा क्र. 159676 / निविदा सूचना क्र. 07/ वलेलि / 2024-25, बालोद दिनांक 14.10.2024**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 04.11.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम -** बालोद जिले के विकासखण्ड गुण्डरदेही की कांदुल व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य की रिमाडलिंग एवं नहर रिमाडलिंग एवं लाईनिंग आर. डी. 0मी. से 4140 मी. फील्ड चैनल का रिसेक्सनिंग (बांयी तरफ 0 मी. से 300 मी. तक एवं दांयी तरफ 0 मी. से 1470 मी. तक), केनाल स्ट्रक्चर (01 नग स्केप, 02 नग व्ही. आर.बी., 05 नग इनलेट, 11 नग आउटलेट) का निर्माण एवं 06 नग व्ही. आर. बी. का मरम्मत कार्य।

**अनुमानित लागत-** रू. 251.02 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.10.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बालोद
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-242503178/3



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 159679/निविदा सूचना क्र. 05/वलेलि/2024-25, बेमेतरा दिनांक 14.10.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 04.11.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

कार्य का नाम- **बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के नर्मदा व्यपवर्तन योजना के अंतर्गत देवकर माईनर एवं बगद्वार माईनर का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग तथा 08 नग व्ही. आर.बी., 03 नग फाल, 04 नग माईनर हेड, 02 नग स्केप, 06 नग इनलेट, 01 नग डी.सी. एवं 40 नग कोबाला का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत - रू. 280.09 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.10.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोटः-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-242503177/4



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूमेंट निविदा सूचना
eprocurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(निविदा सूचना आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदाए आमंत्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हे :-

| निविदा सिस्टम नं. निविदा सूचना क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा ऑनलाईन पर आमंत्रित पर अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| निविदा सिस्टम नं. - 159714 18/वलेस / 2024-25 दिनांक 14.10.2024 | कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कौआनार डायवर्सन योजना के मुख्य नहर आर. डी. 0 मी. से 2250 मी. एवं लघु नहर आर. डी. 0 मी. से 1500 मी. तक रिमाडलिंग और सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग 02 नग डी.सी., 16 नग फाल, 01 नग व्ही. आर. बी. निर्माण सहित कोलाबा फिक्सिंग कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रू. 240.53 लाख | 21-10-2024 |
| निविदा सिस्टम नं.-159715 19/वलेस/2024-25 दिनांक 14.10.2024 | कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत चतरी जलाशय के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, दांयी तट मुख्य नहर आर. डी. 0 मी. से 1650 मी. एवं बांयी तट मुख्य नहर आर. डी. 0 मी. से 1260 मी. तक रिमाडलिंग एवं सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग, 01 नग फाल, 04 नग व्ही. आर. बी., निर्माण सहित कोलाबा फिक्सिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | रू. 284.64 लाख | 21-10-2024 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.10.2024 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेन हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-242503180/3



**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर - कांकेर**

-: अल्प कालिन निविदा :-

एन.आई.टी. क्रमांक/46 से 49/ जि.नि.स./2024-25

कांकेर, दिनांक 11.10.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 23/10/2024 (सायं 5:00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि- 25/10/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 28/10/2024 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 17/11/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 19/11/2024 (दोपहर 12:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 46 | नवीन तहसील कार्यालय भवन बान्दे, वि.ख. कोयलीबेड़ा | 71.12 | 53,500 | |
| 2 | 47 | नवीन तहसील कार्यालय भवन आमाबेड़ा, वि.ख. अंतागढ़ | 71.12 | 53,500 | |
| 3 | 48 | नवीन तहसील कार्यालय भवन कोयलीबेड़ा, वि.ख-कोयलीवेड़ा | 71.12 | 53,500 | |
| 4 | 49 | अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण अंतागढ़, विकासखण्ड अंतागढ़ | 127.62 | 96,000 | |

कलेक्टर,
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

G-242503201/4

## खबर संक्षेप




### गरुड़ कंस्ट्रक्शन का शेयर 10% उछाल के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 95 रुपये से 10 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 8.63 प्रतिशत उछाल के साथ 103.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 15.55 प्रतिशत बढ़कर 109.78 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 10.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105 रुपये पर खुला। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,008.29 करोड़ रुपये रहा।

### हिंदुस्तान जिंक ने सूफिया को ब्रांड एम्बैसडर बनाया

**उदयपुर।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने रिकॉर्ड धारक धावक सूफिया सूफी अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। कंपनी के बयान के अनुसार, उसने सूफी को दो साल के लिए अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। इसके अनुसार, 'इस साझेदारी का उद्देश्य सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है और यह राजस्थान में जमीनी स्तर के खेलों और खेल प्रतिभाओं को समर्थन देने के कंपनी के प्रयासों के अनुरूप है।' सूफी ने हाल ही में हिंदुस्तान जिंक द्वारा आयोजित 'वेदांत जिंक सिटी हाफ मैराथन' में भी भाग लिया था।

### रिलायंस के साथ भारत में वापस आया टिम्बरलैंड

**नई दिल्ली।** अमेरिकी 'फुटवियर' और परिधान ब्रांड टिम्बरलैंड रिलायंस रिटेल के साथ वापस आ गया है। अब ये उत्पाद कंपनी के फैशन ई-टेल मंच आजियो की सूची में शामिल हो गया है। इससे पहले, टिम्बरलैंड को स्थानीय बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा और इसी प्रकार के स्थानीय ब्रांड वुडलैंड के साथ कानूनी विवाद के कारण 2015 में भारत में अपने खुदरा स्टोर बंद करने पड़े थे।

# भारत में अगले साल 9.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि होने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में कंपनियां अपने कर्मचारियों को 2025 में 9.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि की पेशकश कर सकती हैं जो इस साल की वास्तविक वेतन वृद्धि के बराबर ही है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। डब्ल्यूटीडब्ल्यू की नवीनतम वेतन बजट योजना रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में औसत वेतन वृद्धि 2025 में 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2024 की वास्तविक वेतन वृद्धि के बराबर ही है जो इस साल 9.5 प्रतिशत रही है। अगले साल सर्वाधिक 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि औषधि क्षेत्र में होने की संभावना है जबकि विनिर्माण (9.9 प्रतिशत), बीमा (9.7 प्रतिशत) और खुदरा (9.6 प्रतिशत) में भी वेतन वृद्धि औसत स्तर से अधिक होने की संभावना है।

### अच्छा प्रदर्शन करने वालों को तीन गुना वेतन वृद्धि संभव

*माथुर ने कहा कि संगठन प्रदर्शन-आधारित वेतन विभेद पर अधिक जोर दे रहे हैं। इस प्रवृत्ति के अनुसार शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को औसत प्रदर्शन वाले कर्मचारियों की तुलना में तीन गुना वेतन वृद्धि मिलने की संभावना है, जबकि औसत से बेहतर कर्मचारियों को औसत प्रदर्शन करने वालों की तुलना में लगभग 1.2 गुना वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है।*

**खास बातें**

- डब्ल्यूटीडब्ल्यू की जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया
- यह पेशकश इस साल की वास्तविक वेतन वृद्धि के बराबर



### इस्तीफों का दौर पीछे छूटा

डब्ल्यूटीडब्ल्यू इंडिया में सलाहकार प्रमुख (कार्य एवं पारिश्रमिक) राजुल माथुर ने कहा, /"भारत में कंपनियां वृद्धि को लेकर आशावादी होने के साथ सतर्कता भी दिखा रही हैं। बड़े पैमाने पर इस्तीफों का दौर अब पीछे छूट चुका है। अब नियोक्ता एवं कर्मचारी दोनों ही स्थिरता चाहते हैं और बाजार की धारणा उल्लेखनीय रूप से स्थिर है।/"

### कंपनियां नई भर्ती की योजना बना रही

*रिपोर्ट कहती है कि लगभग 28 प्रतिशत कंपनियां अगले 12 महीनों में नई भर्तियां करने की योजना बना रही हैं। हालांकि कर्मचारियों के स्वेच्छा से नौकरी छोड़ने की दर इस क्षेत्र में ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। भारत में नौकरी छोड़ने की दर 2024 में 10.8 प्रतिशत हो गई है जो 2023 में 11 प्रतिशत थी।*

### 168 देशों की कंपनियों पर सर्वे

*यह रिपोर्ट डब्ल्यूटीडब्ल्यू के रिवाइर्स डेटा इंटेलिजेंस द्वारा जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। यह सर्वेक्षण अप्रैल और जून 2024 में किया गया था। दुनिया भर के 168 देशों की कंपनियों से मिलीं लगभग 32,000 प्रविष्टियों के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार हुई है। इस सर्वेक्षण में भारत से भी 709 प्रतिभागी शामिल थे।*

### कॉरपोरेट जगत में 9.5% वेतन वृद्धि का अनुमान

हालांकि वर्ष 2025 में सॉफ्टवेयर और कारोबार सेवा क्षेत्र में वेतन वृद्धि नौ प्रतिशत ही रहने का अनुमान है जो सामान्य उद्योग औसत 9.5 प्रतिशत से कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय कॉरपोरेट जगत 9.5 प्रतिशत की वेतन वृद्धि के साथ समूचे क्षेत्र में सबसे आगे है। वियतनाम (7.6 प्रतिशत), इंडोनेशिया (6.5 प्रतिशत), फिलीपीन (5.6 प्रतिशत), चीन (पांच प्रतिशत) और थाईलैंड (पांच प्रतिशत) के भारत से पीछे ही रहने के अनुमान हैं।

# वैश्विक स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम बनाने की जरूरत: प्रधानमंत्री

*पीएम ने किया डब्ल्यूटीएसए व इंडियन मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने यहां अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। मोदी ने कहा, 'समय आ गया है जब वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा।' उन्होंने कहा, 'डिजिटल नियम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनमें व्यक्तिगत गोपनीयता, मीडिया में गलत सूचना, प्रौद्योगिकी दिग्गजों की जवाबदेही और सामाजिक महत्व के अन्य मुद्दे शामिल हैं।

**खास बातें**

- कहा, आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजर अंदाज नहीं कर सकते
- डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है
- कोई भी देश अकेले नागरिकों को साइबर खतरे से सुरक्षित नहीं रख सकता




### धन जुटाने से वीआईएल को मदद मिली : बिड़ला

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि वोडाफोन-आइडिया द्वारा जुटाए गए धन से कंपनी को अपने पूंजीगत व्यय चक्र को फिर से शुरू करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रमुख पहलों के साथ-साथ इससे कंपनी को 'अधिक सुरक्षित स्थिति' मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि कंपनी गतिशील व प्रतिस्पर्धी बनी रहे।

### डेटा देश के भीतर ही रहना चाहिए: आकाश अंबानी

*देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि भारतीय उपयोगकर्ताओं का डेटा देश के भीतर ही रहना चाहिए। अंबानी ने कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग के डेटा सेंटर स्थापित करने को तैयार भारतीय कंपनियों के लिए बिजली सहित अन्य प्रोत्साहन दिए जाने की भी वकालत की।*



### विकसित राष्ट्र के लिए एआई महत्वपूर्ण

अंबानी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एआई बेहद महत्वपूर्ण है। अंबानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में कहा, ''2047 तक विकसित भारत के हमारे सपने को साकार करने के लिए एआई बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए आपके नेतृत्व में भारत को अधिकतम आत्मनिर्भरता के साथ एआई को तत्काल अपनाना चाहिए।''

### एआई के इस्तेमाल पर जोर

*प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल उपकरण और अनुप्रयोग किसी भी भौतिक सीमा से परे हैं और कोई भी देश अकेले अपने नागरिकों को साइबर खतरे से सुरक्षित नहीं रख सकता है। इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। वैश्विक संस्थाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी। मोदी ने सुरक्षा, सम्मान और समानता को केंद्र में रखते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर भी जोर दिया।*

### उपग्रह कंपनियां खरीदे स्पेक्ट्रम : सुनील मित्तल

*दूरसंचार दिग्गज सुनील भारती मित्तल ने उपग्रह कंपनियों के लिए लाइसेंस शुल्क का भुगतान करने के साथ-साथ अपनी दूरसंचार सेवाओं के लिए 'एयरवेव' खरीदने की मंगलवार को वकालत की जैसा कि पुरानी कंपनियां करती हैं, ताकि समान अवसर उपलब्ध कराया जा सके। भारत की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के प्रमुख मित्तल ने 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' में कहा कि मौजूदा दूरसंचार कंपनियां उपग्रह सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाएंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में उन्होंने कहा, 'और जो उपग्रह कंपनियां शहरी क्षेत्रों में आकर खुदरा ग्राहकों को सेवा देने की महत्वाकांक्षा रखती हैं।*

# रिलायंस में बिकवाली से सेंसेक्स 153 अंक गिरा

एजेंसी ⏭ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली और सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति के नौ महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 153 अंक और निफ्टी 70 अंक के नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स अपनी शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 152.93 अंक यानी 0.19 प्रतिशत गिरकर 81,820.12 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 70.60 अंक यानी 0.28 प्रतिशत गिरकर 25,057.35 पर बंद हुआ।




सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत गिरा है।

### सरकार के समर्थन से लक्ष्य होगा साकार

आईएमसी तथा आईटीयूडब्ल्यूटीएसए 2024 के उद्घाटन के अवसर पर बिड़ला ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के निरंतर समर्थन से, वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) भारत के डिजिटल भविष्य को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि सरकार के निरंतर समर्थन से हम प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

# हुंडई के आईपीओ को पहले दिन 18 प्रतिशत बोलियां मिलीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता हुंडई की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लि. के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंगलवार को बोली के पहले दिन 18 प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 1,77,89,457 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं, जबकि पेशकश 9,97,69,810 शेयर की है। आईपीओ को पहले दिन नौ लाख से अधिक आवेदन मिले। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी में 26 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 13 प्रतिशत अभिदान मिला।

# आरबीआई ने एसजी फिनसर्व पर लगाया 28.30 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सरकार ने मंगलवार को दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों में प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच एयर प्यूरीफायर विनिर्माता कंपनियों की तरफ से किए जाने वाले दावों की जांच के लिए बाजार पर निगरानी रखने की घोषणा की। यह कदम केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी के सोमवार के उस बयान के बाद उठाया गया है जिसमें कुछ कंपनियों पर अपने उत्पादों के बारे में गलत दावे करने का आरोप लगाया गया था। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने मंगलवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, /"हम बाजार निगरानी के जरिये यह देखने की कोशिश करेंगे कि इस संबंध में किए गए दावे सही हैं या नहीं।/" खरे ने यह भी कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस मामले को संज्ञान में लिया है और वह एयर फिल्टर पर मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के अनुपालन की जांच करेगा। जोशी ने विश्व मानक दिवस कार्यक्रम में कंपनियों की भ्रामक विपणन रणनीति पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा था, 'एयर प्यूरीफायर को लेकर झूठे दावे किए जाते हैं।

# विनिर्माण क्षेत्र में 5 लाख नौकरियां देगा टाटा ग्रुप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा ग्रुप ने अपनी 5 साल की रणनीति तय कर ली है। इसके तहत विनिर्माण क्षेत्र में टाटा ग्रुप करीब 5 लाख जॉब पेश करेगा। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि देश का विनिर्माण क्षेत्र 7.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ रहा है। इसमें करीब 13 लाख जॉब पैदा हुए हैं। टाटा ग्रुप ने भी सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, बैटरी और इससे जुड़े उद्योगों में करीब 5 लाख नौकरियां देने का फैसला किया है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हम भारत को विकसित देश बनने का सपना देख रहे हैं। इसे पूरा करने में विनिर्माण क्षेत्र अहम रोल निभाने वाला है।




### विनिर्माण क्षेत्र का अहम रोल

*चेयरमैन ने कहा, हम इस सेक्टर में नौकरियां पैदा किए बिना विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं कर सकते। हर महीने करीब 10 लाख लोग भारत की वर्कफोर्स का हिस्सा बन जाते हैं। इसलिए हमें देश के भविष्य के लिए ज्यादा से ज्यादा नौकरियां पैदा करनी होंगी। उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप ने सेमीकंडक्टर सेक्टर में बड़े निवेश किए हैं। हम इससे जुड़े अन्य सेक्टर में भी निवेश बढ़ाएंगे। अगले 5 साल में 5 लाख नौकरियां पैदा करना हमारा लक्ष्य है।*

## बिजनेस साइट

# अमूल ने लांच किया रेडी टू फीड एसेप्टिक पैक में शिशु फार्मूला

**नई दिल्ली।** भारत में पहली बार, अमूल ने रेडी टू फीड एसेप्टिक पैक में शिशु फार्मूला लांच किया है। इस नए उत्पाद का नाम 'अमूलस्प्रे' है, जिसे 250 मिलीलीटर यूएचटी पैक में उपलब्ध कराया गया है, और इसकी एमआरपी 25 रुपए है। अमूलस्प्रे का रेडी टू फीड पैक विशेष रूप से सुविधाजनक है, क्योंकि यह दूध पिलाने के लिए पहले से तैयार फार्मूला प्रदान करता है। इसमें एज कैप का डिज़ाइन है, जो डालने और पीने में आसानी प्रदान करता है। यह पैक दिनभर में कई बार फीड तैयार करने के लिए समय बचाता है और आहार तैयार करने में त्रुटियों की संभावना को समाप्त करता है, जिससे हर बार शिशु को पर्याप्त पोषण मिलता है।




# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने किया सावधि जमा योजना 'बॉब उत्सव' का शुभारंभ

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने त्योहारी सीजन के अवसर पर 'बॉब उत्सव' नामक 400 दिवसीय सावधि जमा योजना की घोषणा की। इस योजना के अंतर्गत सामान्य नागरिकों के लिए 7.30% प्रतिवर्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.80% प्रतिवर्ष, अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष और उससे अधिक) के लिए 7.90% प्रतिवर्ष और नॉन-कॉलेबल जमा पर 7.95% प्रति वर्ष तक ब्याज दरें प्रदान की जा रही हैं। बैंक ने 3 से 5 वर्ष की अवधि के लिए ब्याज दरों में 30 आधार अंकों की वृद्धि की है, जिससे ये दरें 6.50% से बढ़कर 6.80% प्रति वर्ष हो गई हैं। इस योजना का लाभ उठाते हुए, ग्राहक बॉब एसडीपी (सिस्टमेटिक डिपॉजिट प्लान) के माध्यम से हर महीने नियमित रूप से बचत कर सकते हैं। इसके अलावा अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए पहली बार सावधि जमा श्रेणी पेश की गई है, जिसमें उन्हें वरिष्ठ नागरिक दर के ऊपर 10 बीपीएस अतिरिक्त लाभ मिलेगा। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में हम अपने ग्राहकों की बचत को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं पेश कर रहे हैं। 'बॉब उत्सव' मौजूदा समय में जमाकर्ताओं के लिए उच्च ब्याज दर प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट विकल्प है। यह योजना 14 अक्टूबर, 2024 से शुरू होकर 3 करोड़ रुपये से कम की सावधि जमाओं पर लागू होगी। बैंक ने ग्राहकों को सुरक्षित और प्रतिस्पर्धी रिटर्न देने का संकल्प लिया है।






# इन शाही हस्तियों के नाम पर रखा गया था रणजी और दलीप ट्रॉफी का नाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में रणजी और दलीप ट्रॉफी का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। इन टूर्नामेंट्स के नाम जिन महान खिलाड़ियों के नाम पर रखे गए हैं, उनका सीधा संबंध गुजरात के जामनगर राजघराने से है। यह वही राजघराना है, जिसके मौजूदा उत्तराधिकारी पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा हैं। हाल ही में, जामनगर के शाही परिवार ने घोषणा की कि गद्दी अब अजय जडेजा को सौंपी जाएगी। यह संबंध क्रिकेट और इस राजघराने के इतिहास को और भी रोमांचक बनाता है। आइए जानते हैं रणजी और दलीप ट्रॉफी का जामनगर के राजघराने से कैसे जुड़ाव है।

## महाराज रणजीत सिंह के नाम पर रणजी ट्रॉफी

रणजी ट्रॉफी का नामकरण जामनगर के महाराज कुमार श्री रणजीतसिंहजी (1872-1933) के सम्मान में किया गया था, जिन्हें भारतीय क्रिकेट का जनक माना जाता है। महाराज रणजीतसिंहजी, जिन्हें 'रणजी' के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित नामों में से एक हैं। हालांकि वे भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य नहीं रहे, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला और वहां क्रिकेट की दुनिया में एक महान बल्लेबाज के रूप में प्रसिद्ध हुए।

**रणजी लेग ग्लांस शॉट के लिए माहिर**

रणजीतसिंहजी ने क्रिकेट में अपने अभूतपूर्व कौशल और तकनीक से बल्लेबाजी के नए मानक स्थापित किए। वे 'लेग ग्लांस' शॉट के लिए जाने जाते थे, जो उस समय बल्लेबाजों के लिए एक नई शैली थी। 1934 में उनके सम्मान में भारतीय घरेलू क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का नाम 'रणजी ट्रॉफी' रखा गया।



## महाराज दलीपसिंह के नाम पर दलीप ट्रॉफी

दलीप ट्रॉफी का नामकरण रणजीतसिंहजी के भतीजे महाराज कुमार श्री दलीपसिंहजी (1905-1959) के नाम पर किया गया है। दलीपसिंहजी भी एक उत्कृष्ट क्रिकेटर थे। उनके चाचा रणजीत सिंह जी की तरह, उन्होंने भी इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला। दलीप सिंह अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी तकनीक के लिए जाने जाते थे। उनकी शैली में भी रणजी की झलक दिखाई देती थी।

**चोटों के कारण ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल पाए**

दलीपसिंहजी ने कम उम्र में ही क्रिकेट में शानदार सफलता हासिल की, लेकिन दुर्भाग्य से चोटों के कारण उनका क्रिकेट करियर बहुत लंबा नहीं चल पाया। उनके क्रिकेट योगदान को सम्मानित करने के लिए 1961 में 'दलीप ट्रॉफी' की शुरुआत की गई, जो भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक प्रतिष्ठित प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता है।



## पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा से है खास कनेक्शन

जामनगर के राजघराने का क्रिकेट से गहरा संबंध है। न केवल रणजीत सिंह और दलीप सिंह महान क्रिकेटर थे, बल्कि इस परिवार के अन्य सदस्य भी खेल से जुड़े रहे। जामनगर के मौजूदा जाम साहब शत्रुसल्य सिंह दिग्विजय सिंह जडेजा भी एक प्रथम श्रेणी के क्रिकेटर रहे हैं। अब, इस क्रिकेट विरासत को आगे बढ़ाते हुए, अजय जडेजा को जामनगर के शाही परिवार का उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। अजय जडेजा खुद भी भारतीय क्रिकेट के एक जाने-माने नाम हैं। उन्होंने भारत के लिए कई महत्वपूर्ण मैच खेले हैं और वे अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और रणनीतिक सूझबूझ के लिए प्रसिद्ध रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट 17 से पंचकुला में

**पंचकुला।** वीर अहलावत, अंगद चीमा, राहिल गंगजी और उदयन माने जैसे भारत के कुछ प्रमुख पेशेवर गोल्फर 17 से 20 अक्टूबर तक पंचकुला गोल्फ क्लब में होने वाले हरियाणा ओपन में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि एक करोड रुपए है। इसका आयोजन भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के तहत किया जाएगा। इसमें 123 पेशेवर और तीन एमेच्योर खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तीनों एमेच्योर खिलाड़ी अर्जुनवीर शिशिर, जुझार सिंह और मान्यवीर भादू पंचकुला गोल्फ क्लब से हैं। इस प्रतियोगिता में कुछ विदेशी खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिनमें श्रीलंका के एन थंगाराजा और के प्रबागरन, चेक गणराज्य के स्टीफन डेनेक, बांग्लादेश के जमाल हुसैन, बादल हुसैन, एमडी अकबर हुसैन, अंडोरा के केविन एस्टेव रिगैल, नेपाल के सुभाष तमांग, कनाडा के सुखराज सिंह गिल और अमेरिका के डोमिनिक पिकिरिलो शामिल हैं।

### फ्रांस और जर्मनी ने नेशंस लीग में अपने-अपने मुकाबले जीते

**ब्रसेल्स।** फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में रेंडेल कोलो मुआनी के दो गोलों के दम पर बेल्जियम को 2-1 से हराया। काइलियान एमबाप्पे के बिना उतरी फ्रांसीसी टीम के लिये मुआनी ने दोनों हाफ में एक एक गोल दागा। वहीं म्युनिख में खेले गए मैच में जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से मात दी। जर्मनी के जैमी ल्यूलिंग का दूसरे मिनट में किया गया गोल वीडियो रिव्यू के बाद खारिज हो गया लेकिन उन्होंने 64वें मिनट में गोल दागा। अन्य मैचों में इटली ने इस्राइल को 4-1 से हराया जबकि हंगरी ने बोस्निया को 2-0 से मात दी। दो ग्रुप मैच नवंबर में होंगे। फ्रांस, इटली और जर्मनी शीर्ष पर हैं और उनके क्वार्टर फाइनल में जाने की प्रबल संभावना है।

### कई सालों से घर पर नहीं गंवाई कोई सीरीज, भारत के रोहित और न्यूजीलैंड के कप्तान होंगे टॉम

# भारत का पलड़ा हमेशा न्यूजीलैंड पर रहा भारी आज से दोनों के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 16 अक्टूबर से टेस्ट सीरीज शुरू होगी। तीन मैचों की सीरीज में भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे, जबकि टॉम लैथम कीवी टीम की अगुवाई करते हुए नजर आएंगे।

भारत ने अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को हराया था, जबकि कीवी टीम को अपनी पिछली सीरीज में श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। ऐसे में भारतीय टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखने का प्रयास करेगी। सीरीज के तीनों टेस्ट भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे। इस सीरीज का प्रसारण स्पोर्ट्स-18 नेटवर्क और जियो सिनेमा ऐप के जरिए भी किया जाएगा।

**भारत का पलड़ा रहा है भारी**

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में भारत का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमें कुल 62 मैचों में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 22 में भारत ने जीत दर्ज की है और 13 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 27 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर पर खेलते हुए भारत ने 17 टेस्ट में जीत दर्ज की है और 2 में हार (ड्रॉ-17) झेली है।



**टीमें इस प्रकार हैं**

**न्यूजीलैंड** : टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, विल ओरुरके, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, केन विलियमसन और विल यंग।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर पर भारतीय टीम नहीं हारी**

दोनों टीमें कुल 22 टेस्ट सीरीज में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से भारत ने 12 टेस्ट सीरीज जीती है और 6 सीरीज में कीवी टीम ने कब्जा जमाया है। इनके अलावा 4 सीरीज ड्रॉ रही हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर पर खेलते हुए भारतीय टीम सीरीज में अजेय रही है। मेजबान भारत ने न्यूजीलैंड को 10 टेस्ट सीरीज में हराया है और 2 सीरीज ड्रॉ पर समाप्त हुई हैं।

**विलियमसन के कवर के तौर पर रचिन का हुआ है चयन**

केन विलियमसन का फिटनेस कारणों से पहले टेस्ट से बाहर होना लगभग तय है। उनके सीरीज में हिस्सा लेने पर भी संशय की स्थिति है। उनके कवर के रूप में मार्क चैपमैन को शामिल किया है। 30 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अब तक टेस्ट प्रारूप में पदार्पण नहीं किया है। उन्होंने 44 प्रथम श्रेणी मैचों में 42.81 की औसत के साथ 2,954 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 6 शतक और 17 अर्धशतक लगाए हैं।

### क्रिकेट

# महिलाओं के टी-20 विश्व कप में सूजी-हीली सहित इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं 1,000 से अधिक रन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते शुक्रवार 11 अक्टूबर को महिलाओं के टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराया था। उस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली 23 गेंदों पर 37 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुई थी। अपनी पारी के दौरान हीली ने टी-20 विश्व कप में अपने 1,000 रन पूरे किए थे। वह ऐसा करने वाली सिर्फ तीसरी बल्लेबाज बनी थी।

**सूजी बेट्स (1,130 रन)**

न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर सूजी बेट्स महिला टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। बेट्स ने 39 मैचों में 31.38 की औसत और 112.21 की स्ट्राइक रेट से 1,130 रन बनाए हैं। उनका उच्चतम स्कोर 94* है। कुल मिलाकर अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में बेट्स ने 168 मैचों की 164 पारियों में लगभग 30 की औसत के साथ 4,498 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 28 अर्धशतक भी लगाए हैं।

**एलिसा हीली (1,008 रन)**

हीली ने 2010 में अपना पहला टी-20 विश्व कप खेला था। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 42 मैचों की 39 पारियों में 28.80 की औसत और 129.39 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,008 रन बना लिए हैं। इस बीच उन्होंने 83 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 3 अर्धशतक लगाए थे। अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 162 मैच खेले हैं, जिसमें 25.45 की औसत के साथ 3,054 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं।

**स्टेफनी टेलर (1,001 रन)**

वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर स्टेफनी टेलर ने भी टी-20 विश्व कप में 1,000 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 34 पारियों में 38.50 की औसत और 95.24 की स्ट्राइक रेट से 1,001 रन बनाए हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 59 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 6 अर्धशतक भी लगाए हैं। कुल मिलाकर टेलर ने 124 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 35.55 की औसत से 3,413 रन बनाए हैं, जिसमें 22 अर्धशतक भी शामिल है।

## डेनमार्क ओपन : लक्ष्य, मालविका पहले दौर में हारकर हुए बाहर

एजेंसी ▶▶| ओडेन्से

भारत के लक्ष्य सेन को चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बावजूद मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होना पड़ा। विश्व चैम्पियनशिप (2021) के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बावजूद मैच को भुनाने में नाकाम रहे। चीन के खिलाड़ी से उन्हें 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12 19-21 14-21 से शिकस्त मिली। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाला अल्मोड़ा का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में हार गया था। चीन ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मालविका बंसोड भी यहां शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रही। वियतनाम की एंगुयेन थुये लिन्ह ने उन्हें महिला एकल मैच में 21-13 21-12 से हराया।

# पहले चरण की नीलामी में उदिता सबसे महंगी खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय डिफेंडर उदिता दुहान हॉकी इंडिया महिला लीग के पहले चरण के लिये सबसे महंगी बिकी जिन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को नीलामी में 32 लाख रूपये में खरीदा। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रूपये में खरीदा। भारत की लालरेम्सियामी (बंगाल टाइगर्स, 25 लाख), सुनेलिटा टोप्पो (दिल्ली एसजी पाइपर्स, 24 लाख), संगीता कुमारी (दिल्ली एसजी पाइपर्स, 22 लाख) पर भी अच्छी बोलियां लगी।



**हॉकी इंडिया महिला लीग के लिए खिलाड़ियों पर लगी बोली**



**विदेशी खिलाड़ियों का भी रहा दबदबा**

विदेशी खिलाड़ियों में बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख), जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख) और आस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स, 15 लाख) अच्छे दाम पर खरीदी गई।

**भारत की अन्य खिलाड़ियों के लिए उम्दा रही बोली**

*अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10. 5लाख रूपये में खरीदा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। पूर्व कप्तान सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा हॉकी क्लब ने खरीदा। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवनीत कौर (19 लाख), युवा गोलकीपर बिछू देवी खारीबम (16 लाख) और दीपिका (20 लाख) को खरीदा।*

## सिराज बने डीएसपी तेलंगाना सरकार ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली।** तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने उन्हें आधिकारिक रूप से पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद का नियुक्ति पत्र सौंप दिया है। इसके साथ ही सिराज ने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक ने ही सिराज को उनका नियुक्ति पत्र सौंपा है।

आधिपत्य सूचना

HDFC BANK

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर
Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम / कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्रीमती शर्मा स्वाति, श्री शर्मा दीपक,** प्लॉट नं. 80, सुगन्धा विहार, मौजा रामपुर, कोरबा-495677. **अन्य पता:-** शिव सदन, एल.आई.जी-1, Rp नगर, फेस-1, निहारिका, कोरबा-495677. | ₹ 13,62,683/- दिनांक 30 जून 20* तक | 19-JUL-21 | 10.10.2024 (सांकेतिक कब्जा) | प्लॉट नं. 80, सुगन्धा विहार, खसरा नं. 92, 93, 98, 142, 143, 162/2, 181 एवं 201, प.ह.नं.4, मौजा रामपुर, कोरबा (छ.ग.) |
| 02. | **श्रीमती शशिकला, श्री यादव योगेन्द्र,** यूनिट-नं. 243, गैलेक्सी, आई-लैंड, C.A.G. Office के पास, स.क्र. खसरा नं. 16, 17, 18, 30 से 39, 74 (भाग), नया खसरा नं. 15, प.ह.नं. पुराना-111/41, नया 75, ग्राम संकरी, रायपुर-492005. **श्रीमती शशिकला,** ग्राम-रमनीपुर, निजामाबाद, आजमगढ़, निजामाबाद- उत्तर-प्रदेश, पिन-276206 - भारत. **श्री यादव योगेन्द्र,** म.नं. 203, ब्लॉक नं. 04, बिलासपुर हाईवे, कपसदा, धरसीवा-रायपुर-रायपुर-छत्तीसगढ़, पिन- 493221 - भारत | ₹ 30,45,587/- दिनांक 31 मार्च 24* तक | 29-APR-24 | 14.10.2024 (भौतिक कब्जा) | यूनिट-नं. 243, गैलेक्सी, आई-लैंड, C.A.G. Office के पास, स.क्र. खसरा नं. 16, 17, 18, 30 से 39, 74 (भाग), नया खसरा नं. 15, प.ह.नं. पुराना-111/41, नया 75, ग्राम संकरी, रायपुर (छ.ग.) |
| 03. | **श्री गुलहरे विवेक, श्रीमती गुलहरे श्रद्धा सिन्हा,** प्लॉट नं. 108, सेक्टर-4, सिटी ऑफ वैलेंशिया, प.ह.नं. 80/1, खसरा नं. CDP के अनुसार, लाईसेंस नं. 26 B/121, दिनांक 23/2/10. ग्राम-नरदहा, खपरी ग्राम, **अन्य पता:-** C- 349, सेक्टर-1, बालको टाऊन शिप, भारत गैस के पास, कोरबा-495684. | ₹ 2,47,871/- दिनांक 31 जुलाई 23* तक | 16-AUG-23 | 14.10.2024 (भौतिक कब्जा) | प्लॉट नं. 108, सेक्टर-4, सिटी ऑफ वैलेंशिया, प.ह.नं. 80/1, खसरा नं. CDP के अनुसार, लाईसेंस नं. 26 B/121, दिनांक 23/2/10. ग्राम-नरदहा, खपरी ग्राम, रायपुर (छ.ग.) |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।
हालांकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्जा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।
विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।
उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

स्थान-कोरबा, रायपुर, दिनांक : 16.10.2024

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए
वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013

ASA

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992
ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यत: बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अत: एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम / फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | स्मृति नगर शाखा भिलाई 6232020431 | 1. मेसर्स बोलबम बैजू फर्नीचर प्रोप. श्री बृज किशोर शर्मा पिता श्री संतोष शर्मा 2. श्री बृज किशोर शर्मा पिता श्री संतोष शर्मा, मकान नंबर 50, कदाम्बरी नगर वार्ड नंबर - 17, दुर्ग - 491001 छत्तीसगढ़ . जमानतदार- श्री संतोष शर्मा पिता श्री बजरंग लाल शर्मा, मकान नं. 50, कादम्बरी नगर, वार्ड नंबर 17, दुर्ग - छत्तीसगढ़ - 491001. | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल भूमि और भवन स्थित मौजा खपरी, प.ह.नं.- 11, खसरा नं.- 225 / 3, ग्राम- खपरी, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छ.ग. सीमाएं: उत्तर- हेमंत की भूमि, दक्षिण- केशव साहू की भूमि एवं रोड, पूर्व- रोड एवं अन्य की भूमि, पश्चिम- रोड. | 25.07.2024 रु. 8,57,129.39 + ब्याज + अन्य प्रभार 15.10.2024 सांकेतिक कब्जा |
| 02 | स्मृति नगर शाखा भिलाई 6232020431 | 1. मेसर्स शशि इंटरप्राइजेस प्रोप. श्री विध्याचल प्रसाद स्टील नगर, कैंप 1, संग्राम चौक, भिलाई , जिला- दुर्ग - 490023 2. श्री विध्याचल प्रसाद, मकान नं. 185, वार्ड नं. 19, कैंप 1, संग्राम चौक, वृंदा नगर, सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग- 490026. जमानतदार: श्री जयराम सिंह पिता श्री गौरी शंकर सिंह, एलआईजी 2 / 2429, वार्ड क्रमांक 16, इंडस्ट्रियल एस्टेट भिलाई , कैलाश नगर, भिलाई - 490026, जिला- दुर्ग - 490026 (छत्तीसगढ़). | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल भूमि और भवन स्थित प्लाट नं. - 1031, स्टील नगर, संग्राम चौक, कैम्प-1, भिलाई , दुर्ग , क्षेत्रफल - 37.16 वर्गमीटर. सीमाए: उत्तर - मिनीया बाई का मकान, दक्षिण - सीधाराम का मकान, पूर्व - रोड, पश्चिम- रवीन्दर का मकान. | 25.07.2024 रु. 8,57,020.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 10.10.2024 सांकेतिक कब्जा |
| 03 | कुम्हारी शाखा 7024101839 | मेसर्स अखिलेश साड़ी सेंटर प्रोप. श्री अखिलेश रामटेके 218 / क, स्वामी विवेकानन्द वार्ड, गिरधारी नगर, दुर्ग | संपत्ति का वहा सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल खसरा नं.- 910 / 51, क्षेत्रफल- 1000 वर्गफीट, मौजा- खास दुर्ग, गिरधारी नगर, तहसील एवं जिला- दुर्ग, प.ह.नं.- 63, नगर पालिका निगम दुर्ग के अंतर्गत, आरएनएम दुर्ग -1, दुर्ग. सीमाएं: उत्तर- गली, दक्षिण- देवांगन की भूमि, पूर्व- 20 फीट रोड, पश्चिम- मैथिल ब्राम्हण का मकान. | 16.07.2024 रु.11,00,000.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 15.10.2024 सांकेतिक |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.

दिनांक:16.10.2024, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



इस त्योहार करें स्वर्ण श्रृंगार

Make this
KARWA CHAUTH
Special & Beautiful

SUMEET
JEWELLERS
हम गढ़ते हैं विश्वास
RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON
SUNDAY OPEN

अनंत स्मृतियों का
प्रथम पुण्य स्मरण



जन्म : 01-02-1939 निर्वाण : 16-10-2023

स्व. कैलाश चंद्र शर्मा
(प्रथम पुण्यतिथि)

श्रद्धांजलि

चले गए वे अपने घर से, पर वे दिल से दूर नहीं।
रुखसत हुए वे दुनिया से, लेकिन वे हम से दूर नहीं है।।

हम जब उन्हें याद करते हैं, उनका हाथ अपने कंधों पर पाते हैं।
वे हमें अपने साथ होने का अहसास दिला जाते हैं।।

आप वह चट्टान थे जिसने, हर तूफां से हमें बचाया था।
अनुशासित रह, हम बच्चों को स्वाभिमान का पाठ पढ़ाया था।।

आपके द्वारा स्थापित धैर्य एवं आध्यात्म के पथ पर,
निरन्तर चलने की शपथ लेते,

आपकी याद में श्रद्धानवत्
(समस्त शर्मा परिवार, रायपुर)

Sun & Sun® Group
Since 1930

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com